

सोनिया गांधी, अश्विनी वैष्णव सहित 14 लोगों ने ली राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# लोकशक्ति

RNI Regn. No.7789/1964



पश्चिम बंगाल में तूफान ने मचाई भीषण तबाही, 4 की मौत,100 लोग घायल

वर्ष-60 › अंक -95 | रायपुर शुक्रवार 5 अप्रैल 2024 शुक्लपक्ष विक्रम संवत 2080 | पृष्ठ 8 › मूल्य : 2 रू | डाक पंजीयन : C.G./RYP DN/71/2023-25

मगध और चंद्रगुप्त का बिहार है ये : पीएम मोदी ने बिहार के जमुई में राजद और कॉन्ग्रेस पर बोला हमला, कहा-

# आटे के लिए तरसने वाले देश के सामने कांग्रेस सरकार गिड़गिड़ाती थी : मोदी

**एजेंसी।**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की तारीफ करते हुए पीएम मोदी ने कहा, आजादी के बाद बिहार को न्याय नहीं मिल पाया है। एनडीए सरकार ने बिहार को दलदल से बाहर निकाला है। नीतीश बाबू की इसमें बड़ी भूमिका रही है। साल 2024 का चुनाव बिहार और भारत के भविष्य के लिए काफी निर्णायक है। याद कीजिए कि 10 साल पहले देश में भारत को लेकर क्या राय थी।





प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को बिहार के जमुई में एक विशाल जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान मंच पर बिहार के मुख्यमंत्री एवं जदयू के नेता नीतीश कुमार, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान सहित कई नेता उपस्थित थे। इन लोगों ने भी सभा को संबोधित किया लोपजपा (रामविलास) के उम्मीदवार अरुण भारती के लिए वोट माँगा।

जनसभा में शामिल होने से पहले पीएम मोदी ने सोशल मीडिया साइट ङ्ग पर एक पोस्ट किया। इसमें लिखा, ÷लोकसभा चुनाव में बिहार की भूमिका इस बार भी बेहद महत्वपूर्ण रहने वाली है। यहाँ के मेरे परिवारजनों ने राज्य की सभी सीटों पर बीजेपी-एनडीए उम्मीदवारों को जिताने का संकल्प लिया है। आज दोपहर करीब 12 बजे जमुई की जनसभा में जनता-जनार्दन से संवाद का सुअवसर मिलेगा।÷

मंच पर पहुँचने के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा, लोजपा (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने पीएम मोदी का स्वागत किया। भाजपा विधायक श्रेयसी सिंह, समेत कई महिला नेत्रियों ने पीएम मोदी को शॉल भेंटकर उनका स्वागत किया। जमुई के खैरा प्रखंड के बल्लोपुर मैदान में जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने चिराग के बहनोई अरुण भारती को अपना भाई बताते हुए कहा, ÷आज इस मंच से एक कमी महसूस हो रही है कि बिहार के बेटे और मेरे मित्र व पद्म विभूषण से सम्मानित रामविलास पासवान जी हमारे बीच नहीं हैं। मुझे संतुष्टि है कि रामविलास जी के विचारों को मेरे छोटे भाई चिराग पासवान अच्छी तरह निभा रहे हैं।÷

पाकिस्तान पर परोक्ष हमला बोलते हुए उन्होंने कहा, ÷छोटे-छोटे देश, जो आटे के लिए तरस रहे थे, उनके आंतकी देश में अशांति फैलाते थे। कॉन्ग्रेस गुहार लगाती रहती थी। एनडीए सरकार जब आई तो कहा कि यह चंद्रगुप्त और अशोक का भारत है। हम किसी के सामने घुटने नहीं टेका। भारत वही महान पाटलिपुत्र और मगध वाला भारत है। आज का भारत घर में घुसकर मारता है।÷ लालू यादव और उनके परिवार पर हमला बोलते हुए पीएम मोदी ने कहा कि जो लोग नौकरी के नाम पर जमीन लिखवाए, वे देश का भला कभी नहीं कर सकते हैं।

उन्होंने कहा, ÷नीतीश बाबू भी रेल मंत्री रहे, लेकिन उनके खिलाफ कभी शिकायतें नहीं आईं। कोई सवाल नहीं उठा। घमंडिया गठबंधन की सरकार में खराब हालत वाली ट्रेनें चलती थीं। आज वंदे भारत ट्रेनें बिहार में दौड़ रही है। कॉन्ग्रेस पर राजद पर हमला बोलते हुए पीएम मोदी ने कहा, पहले गरीबों का पैसा बीच में लूट लिया जाता था।

## संदेशखाली TMC के अत्याचार की पराकाष्ठा, आरोपियों को जेल में काटनी होगी जिंदगी

**एजेंसी।**

लोकसभा चुनाव से पहले पीएम नरेंद्र मोदी चुनाव प्रचार करने के लिए पश्चिम बंगाल पहुंचे हैं। इस दौरान कूचबिहार में एक रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि यहां की टीएमसी सरकार पश्चिम बंगाल में केंद्रीय योजनाओं को लागू नहीं होने देती है। मेडिकल कॉलेज स्थापित कनरा ही भाजपा की पहचान है। हम हर जिले में एक मेडिकल कॉलेज स्थापित करना चाहते हैं। लेकिन टीएमसी सरकार हमें पश्चिम बंगाल में ऐसा करने की अनुमति नहीं देती है। पश्चिम बंगाल को रिकॉर्ड मात्रा में पैसा देने के बावजूद टीएमसी के कारण यहां समय पर परियोजनाएं पूरी नहीं हो सकी हैं। उन्होंने यहां रैली में कहा कि मैं ममता दीदी का भार व्यक्त करना चाहता हूं। 2019 में मैं एक रैली को संबोधित करने के लिए इसी मैदान पर आया था। उस समय उन्होंने इसके बीच में एक मंच का निर्माण करवाया था। उस समय मैंने कहा था कि जनता इसका जवाब देगी। उन्होंने कहा कि भाजपा ही है जो यहां माताओं और बहनों पर होने वाले अत्याचार को रोक सकती है। पूरे बंगाल ने, पूरे देश ने देखा है कि कैसे टीएमसी सरकार ने संदेशखाली के गुनहगारों को बचाने के लिए पूरी ताकत लगा दी। संदेशखाली की महिलाओं के साथ जो हुआ, वो टीएमसी के अत्याचार की पराकाष्ठा थी। अब भाजपा ने संकल्प लिया है कि वो संदेशखाली के दोषियों को सजा दिलवाकर ही रहेगी।

## मथुरा से हेमा मालिनी ने भरा नामांकन



**एजेंसी।** हेमा मालिनी को भाजपा ने तीसरी बार अपना उम्मीदवार बनाया है। इस दौरान गुरुवार को हेमा मालिनी ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अपना नामांकन भरा और जनसभा को संबोधित किया। हेमा मालिनी से इस दौरान जब ये पूछी गया कि उनकी तीसरी बार नामांकन को लेकर मथुरावासियों का क्या कहना है? इसपर उन्होंने कहा कि मथुरावासियों को धन्यवाद करूंगी, मैं गोपी भाव के साथ रही हूं, कृष्ण भक्त हूं, 10 साल से काम किया। कई सालों तक यहां काम नहीं हुआ था। मैंने यहां थोड़ा-थोड़ा काम किया। पर अभी बहुत काम करना है। मिनिस्ट्री में जाकर बातें करती हूं, करोड़ों का प्रोजेक्ट लेकर आई हूं।

# काशी–अयोध्या के बाद मथुरा की बारी : योगी

**एजेंसी।** कांग्रेस, BSP और सपा को को सुध नहीं, अयोध्या और काशी के बाद अब...'- सीएम योगीउत्तर प्रदेश में सीएम योगी आदित्यनाथ चुनाव प्रचार में जुट गए हैं. गुरुवार को मुख्यमंत्री मथुरा लोकसभा सीट पर बीजेपी प्रत्याशी हेमा मालिनी के समर्थन में जनसभा को संबोधित करने पहुंचे इस दौरान उन्होंने एलान किया कि काशी और अयोध्या के बाद अब ब्रज भूमि का विकास करना है.



सीएम योगी ने कहा, अयोध्या में पहले मथुरा-वृंदावन की तरह कुंज गलियां था, आज वहां हर कोई खुश है. हमने काशी और अयोध्या में जो कार्य करना था उसे लाइन अप कर दिया है. अब हमारा पूरा फोकस ब्रज भूमि पर करना है. यहां सब कुछ होगा. यहां का विकास भी यहां के लोगों की भावनाओं के हिसाब से कराने जा रहे हैं. अयोध्या में राम लला विराजमान हो गए, काशी का काम भी हो गया है, अब मथुरा के काम को भी विकास की गति देना है. सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस को देश में साठ साल तक शासन करने का मौका मिला, क्यों नहीं इन्होंने काशी में विश्वनाथ धाम का निर्माण किया. मोदी जी तो पिछले दो बार से ही सांसद हैं.

सीएम योगी ने कहा, कांग्रेस, बसपा, सपा ने कभी यहां की सुध नहीं ली. जब यहां की सांसद हेमामालिनी जीतीं तब उनके सुझाव पर हम लोगों ने इसे तीर्थ स्थल घोषित करते हुए योजनाओं को आगे बढ़ाया. कृष्ण जन्मभूमि और मस्जिद विवाद पर अदालत के फैसले का इंतजार करेंगे. अयोध्या में हमने 500 साल तक इंतजार किया, लेकिन संघर्ष से कभी हटे नहीं, ये तो रामभक्तों पर गोली चलाते थे. कोई जय श्री राम का नारा लगा तो उन पर लाठी और गोली चलती थी. लेकिन आज अयोध्या जाएंगे तो आपको त्रेता युग की याद आ जाएगी. मुख्यमंत्री ने पूछा पहले की केंद्र और राज्य की सरकारों ने क्यों काशी के बारे में सोचा. क्यों नहीं उन्होंने मथुरा वृंदावन के बारे में सोचा. आखरि सपा-बसपा-कांग्रेस सभी को आपने अवसर दिया था. यहां पर नंदगांव, गोकुल, गोवर्धन, बरसाना, मथुरा, वृंदावन सभी को तीर्थ स्थल बनाने का कार्य था ये सब भाजपा ने किया।



## राजनांदगांव से संतोष पांडेय ने दाखिल किया नामांकन

**लोकशक्ति।** भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडेय ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर नामांकन दाखिल किया। इस दौरान संतोष पांडेय के साथ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, उपमुख्यमंत्री अरूण साव सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे। भाजपा ने राजनांदगांव लोकसभा सीट से संतोष पांडेय को प्रत्याशी बनाया है। सीएम साय ने कहा कि संतोष पांडेय लोकसभा चुनाव प्रचंड बहुमत से जीतेंगे। भारतीय जनता पार्टी की जीत होगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि चरणदास महंत ने कहा था कि भूपेश बघेल ही प्रधानमंत्री के सिर पर लाठी मार सकता है सिर फोड़ सकता है, यह कहना चाहिए क्या। किसी नेता प्रतिपक्ष को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री जो रात दिन 140 करोड़ लोगों के लिए काम कर रहे हैं, ऐसे प्रधानमंत्री के लिए ऐसा बोलना नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत को शोभा देता है क्या। यह छत्तीसगढ़ की जनता के ऊपर लाठी मरने वाली बात है, इसका मजा चखना है।

### ममता के बिगड़े बोल, भाजपा को बताया जहरीले सांप से भी बुरा, अपशब्दों का भी प्रयोग

**एजेंसी।** कूच बिहार में ममता बनर्जी ने भाजपा पर कई बड़े आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि बाजपा निर्वाचन के कोड नही मानती। उन्होंने आरोप लगाया कि शीतलकुची में जिसने गोली मारकर हत्या किया वो अभी बीरभूम में बीजेपी प्रार्थी बन गया। ममता ने आरोप लगाया कि 3 सालों से आवास योजना का पैसा नहीं दिया जा रहा है। सड़क के पैसे नहीं दिए जा रहे हैं। पहले 100 दिन के काम पर बंगाल एक नंबर पर था। ममता बनर्जी ने कूच बिहार से भाजपा प्रत्याशी और केंद्रीय मंत्री निशीथ प्रामाणिक का नाम लिए बिना उनपर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि तुम मंत्री के नाम पर कलंक हो।

# यूपी एटीएस को मिली बड़ी सफलता,नेपाल के रास्ते भारत में घुस रहे पाकिस्तानी आतंकियों को दबोचा

**एजेंसी।**

यूपी एटीएस को मिली बड़ी सफलता, नेपाल के रास्ते भारत में घुस रहे पाकिस्तानी आतंकियों को दबोचाउत्तर प्रदेश एटीएस के हाथ बड़ी सफलता लगी है। दरअसल नेपाल के रास्ते भारत में घुसपैठ कर रहे तीन आतंकियों को एटीएस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आतंकियों में 2 पाकिस्तानी और 1 कश्मीर आतंकी है, जिनका संबंध हिजबुल मुजाहिद्दीन और आईएसआई से है। दरअसल यूपी एटीएस को पिछले कुछ दिनों से यह सूचना मिल रही थी कि पाकिस्तानी नागरिक पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई की सहायता से नेपाल के रास्ते भारत में प्रवेश करने वाले हैं। एटीएस को यह सूचना भी मिली थई कि ये लोग भारत में आतंकी घटना को अंजाम देने का मंसूबा रखते हैं और आईएसआई के सहयोग से हिज्बुल मुजाहिद्दीन के ट्रेनिंग कैंप में प्रशिक्षण भी ले चुके हैं।




**यूपी एटीएस ने तीन आतंकियों को किया गिरफ्तार**

इस बाबत एटीएस द्वारा जारी प्रेस रिलीज में एटीएस ने बताया कि इस सूचना के प्राप्त होने के बाद एटीएस की गोरखपुर इकाऊई द्वारा सर्विलांस की गई और यह जानकारी सामने आई की दो पाकिस्तानी व्यक्ति भारत नेपाल सीमा के तटवर्ती गांव शेख फरेन्दा होते हुए गुप्त रास्ते से भारत में प्रवेश करने वाले हैं। 3 अप्रैल को एटीएस की गोरखपुर इकाई द्वारा नेपाल भारत यानी सोनौली बॉर्ड से तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्तों के नाम मोहम्मद अल्ताफभट, सैय्यद गजनफर और नासिर अली है। मोहम्मद अल्ताफ भट पाकिस्तान के रावलपिंडी, सैय्यद गजनफर पाकिस्तान के इस्लामाबाद का रहने वाला है। वहीं नासिर अली जम्मू कश्मीर के श्रीनगर का रहने वाला है।

## कांग्रेस छोड़ बीजेपी में शामिल हुए गौरव वल्लभ



**एजेंसी।** कांग्रेस के प्रखर प्रवक्ता रहे दिग्गज नेता गौरव वल्लभ ने पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा देने के बाद भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया है. गुरुवार 4 अप्रैल को उन्होंने दिल्ली स्थित बीजेपी मुख्यालय में भारतीय जनता पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ली. अपने इस्तीफे के कुछ घंटों के अंदर की गौरव वल्लभ ने बीजेपी का दामन थाम लिया. उन्होंने कांग्रेस छोड़ने की वजह पार्टी के दिशाहीन होना बताई. बता दें कि कमाई के मामले में किसी से पीछे नहीं हैं गौरव वल्लभ. चार वर्ष के अंदर ही उनकी 50 फीसदी से ज्यादा संपत्ति में बढ़ोतरी हुई है.

**मैं शुरू से चाहता था राम मंदिर बने- कांग्रेस के स्टैड से असहज था,** इसलिए दिया इस्तीफा - अपने इस्तीफे में गौरव वल्लभ ने इस बात का भी जिक्र किया कि देश की सबसे पुरानी पार्टी सोचकर उन्होंने कांग्रेस ज्वॉइन की थी. उनको लगा था कि कांग्रेस में युवा और बौद्धिक आइडियों की कद्र की जाती है लेकिन पिछले कुछ सालों में उनको महसूस हुआ कि कांग्रेस का मौजूदा स्वरूप नए आइडिया वाले युवाओं संग खुद को एडजस्ट नहीं कर पा रही है. वहीं उन्होंने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर पर कांग्रेस के रुख ने उनको हैरानी में डाल दिया।

### भारी पड़ी विवादित टिप्पणी, हरियाणा महिला आयोग ने सुरजेवाला को भेजा समन

एजेंसी। चुनावी सीजन में अभिनेत्री और सांसद हेमा मालिनी को लेकर की गई अभद्र टिप्पणी पर कांग्रेस नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला बुरी तरह से घिरे हुए हैं। इस बीच अब हरियाणा महिला आयोग ने रणदीप सिंह सुरजेवाला को नोटिस भेजा है। रणदीप सिंह सुरजेवाला को 9 अप्रैल को आयोग के सामने पेश होने के लिए कहा गया है। हरियाणा के कैथल में आयोजित एक कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए सुरजेवाला ने कहा कि हम लोगों को विधायक और सांसद आप लोग इसलिए बनाते हैं ताकि जनता की आवाज संसद में उठा सकें। 'कोई हेमा मालिनी तो है नहीं..... ।



# कंगाल होने की राह पर पाक : गरीबी रेखा के नीचे जा सकते हैं एक करोड़ लोग

**एजेंसी।** पाकिस्तान की आर्थिक हालत लगातार खराब होती जा रही है। महंगाई चरम पर है और आम जनता त्रस्त है। आटे के लिए पाकिस्तान में लगी लंबी-लंबी लाइनों को भला कौन भूल सकता है। अब एक बार फिर ऐसी रिपोर्ट सामने आई जिससे पता चलता है कि पाकिस्तान कंगाल होने की राह पर है और इसका सबसे बुरा प्रभाव वहां की आम आवाम को उठाना पड़ सकता है। रिपोर्ट विश्व बैंक की तरफसे आई है जिसमें कहा गया है कि पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति बिगड़ती जा रही है।



### मुश्किल में पाकिस्तान

विश्व बैंक ने पाकिस्तान को आगाह किया है कि नकदी संकट से जूझ रहे देश में एक करोड़ से अधिक लोग गरीबी रेखा के नीचे जा सकते हैं। विश्व बैंक की यह आशंका 1.8 प्रतिशत की सुस्त आर्थिक वृद्धि दर के साथ बढ़ती मुद्रास्फीति पर आधारित है जो चालू वित्त वर्ष में 26 प्रतिशत पर पहुंच गई है। विश्व बैंक ने अपनी रिपोर्ट में संकेत दिया कि पाकिस्तान अपने आर्थिक लक्ष्यों को हासिल करने से चूक सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान अपने प्राथमिक बजट लक्ष्य से पीछे रहते हुए लगातार तीन साल तक घाटे में रह सकता है।

### नहीं हो रहे पर्याप्त प्रयास

रिपोर्ट के मुख्य लेखक सैयद मुर्तजा मुजफ्फरी का कहना है कि हालांकि खराब आर्थिक हालत से निकलने के लिए प्रयास जारी हैं लेकिन यह अभी शुरुआती अवस्था में है। गरीबी उन्मूलन के जो प्रयास हो रहे हैं वो पर्याप्त नहीं हैं। आर्थिक वृद्धि मामूली 1.8 प्रतिशत पर स्थिर रहने का अनुमान है। लगभग 9.8 करोड़ पाकिस्तानी के पहले से ही गरीबी रेखा के नीचे हैं, गरीबी की दर लगभग 40 प्रतिशत पर बनी हुई है। रिपोर्ट में गरीबी रेखा के ठीक ऊपर रह रहे लोगों के लिए भी चेतावनी है।

### बढ़ सकती है स्कूल ना जाने वाले बच्चों की संख्या

विश्व बैंक ने आगाह किया है कि बढ़ती परिवहन लागत के साथ-साथ जीवनयापन खर्च बढ़ने कारण स्कूल ना जाने वाले बच्चों की संख्या में वृद्धि हो सकती है। किसी तरह गुजर-बसर कर रहे परिवारों के लिए बीमारी की स्थिति में इलाज में देरी हो सकती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि गरीबों और हाशिये पर खड़े लोगों को कृषि उत्पादन में लाभ से फायदा होने की संभावना है। लेकिन यह लाभ लगातार बढ़ रही महंगाई, व्यापार और परिवहन जैसे अधिक रोजगार देने वाले क्षेत्रों में सीमित वेतन वृद्धि से बेअसर होगा।

राहुल गांधी के गढ़ वायनाड में स्मृति ईरानी का रोड शो

## पहले अमेठी को बचाया अब केरल को बचाने आई हूं'

**एजेंसी।** केरल भाजपा प्रमुख और वायनाड से उम्मीदवार के सुरेंद्रन ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए अपना नामांकन दाखिल करने से पहले आज रोड शो किया। सुरेंद्रन के साथ केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी भी दिखीं, जिन्होंने कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने रैली में कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि मैं उस निर्वाचन क्षेत्र से आई हूं, जहां गांधी परिवार ने 50 वर्षों तक सत्ता संभाली थी, लेकिन अब वहां हार चुकी है। आज हम केरल में लोकतंत्र को बचाने के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले 150 से अधिक स्वयं सेवकों के आशीर्वाद के साथ इस यात्रा की शुरुआत कर रहे हैं।







## मोदी पर लाठी, छत्तीसगढ़ की जनता पर लाठी चलाने जैसा : सीएम साय

# कांग्रेस ने आदिवासी–साहू समाज को गाली देने और भड़काने का काम किया : संतोष पाण्डेय

लोकशक्ति। संवाददाता।

**राजनांदगांव मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने एक बार फिर राजनांदगांव में कांग्रेस को अपने सर पर लाठी मारने की चुनौती दी और कहा की चरणदास महंत और कांग्रेस का मोदी जी के सर पर लाठी मारने की बात कहना वास्तव में छत्तीसगढ़ की जनता के सर पर लाठी मरने जैसा है।**

राजनांदगाँव लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडेय ने कहा कि कांग्रेस के लोगों ने हमारे प्रदेश के आदिवासी समाज को गाली देने का काम किया है, पूरे प्रदेश के साहू समाज को गाली देने का काम किया है। कांग्रेस के लोग छत्तीसगढ़ के लोगो का हक मारकर राज्यसभा में अन्य प्रदेशों के आयातित नेताओं को भेजते हैं। जब महापौर बनाना होता है तो नियम और कायदे-कानून बदल देते हैं। जिस प्रकार भूपेश बघेल ने अपने भाषण में कहा है कि सभी जाओ और सब फॉर्म भरो तो बघेल यह याद रखें कि राजनंदगाँव की जनता भरपूर मजा चखाने वाली है। राजनांदगाँव की जनता भूपेश बघेल के भेदभावपूर्ण फैसलों का भी हिसाब इस चुनाव में चुकता करेगी।

मुख्यमंत्री साय ने गरजते हुए कहा कि कांग्रेस मे हिम्मत है तो वो उनके सर पर पहली लाठी मारे ।



मुख्यमंत्री ने जनता से ही सवाल करते हुए पूछा कि देश के प्रधानमन्त्री जो 140 करोड़ भारत वासियों के लिए चौबीस घंटे काम कर रहे हैं उनके लिए कांग्रेस का ऐसा बोलना क्या शोभा देता है ? मुख्यमंत्री ने कहा की आज ये कांग्रेसी हमारे मोदी जी को फिर गाली दे रहे हैं । कभी इन्होने उन्हें चौकीदार चोर है कहा तो कभी मौत का सौदागर कहा । अब चरणदास महंत कह रहे हैं की भूपेश बघेल और देवेन्द्र यादव मोदी जी को लाठी से मार सकते हैं।

भूपेश बघेल को आड़े हाथों लेते हुए विष्णुदेव साय ने कहा कि पिछले 5 साल के अपनी सरकार में बघेल ने केवल जनता को ठगने का काम किया। बड़े-बड़े छत्तीस वादे करके आई कांग्रेस की सरकार एक भी वादा पूरा नहीं कर पाई । ऐसी धोखेबाज भूपेश सरकार को जनता ने विधानसभा चुनाव में उखाड़ फेका और अब लोकसभा चुनाव में भी ऐसे लोगों को जनता ही सबक सिखाएगी ।

### जो प्रधानमंत्री के खिलाफ़अपशब्द कहे, उस कांग्रेस की ज़मानत जब्त होनी चाहिए : अरुण साव

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने अपने संबोधन में कांग्रेस पार्टी पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि जो देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपशब्द बोले, उस कांग्रेस पार्टी की जमानत राजनांदगाँव लोकसभा में जब्त होनी चाहिए। कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी भूपेश बघेल का बोरिया–बिस्तर बांधकर यहां से वापस भेजना है। साव ने राजनांदगांव लोकसभा चुनाव में पूरे देश की नजर है।

### राजनांदगाँव की जनता महंत के बयान का करारा जवाब इस लोकसभा चुनाव में देगी : विजय शर्मा

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कांग्रेस के विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष चरण दास मंहत द्वारा राजनांदगाँव लोकसभा में मोदी का सिर फोड़ने वाला सासंद चाहिए वाले बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की और कहा कि राजनांदगाँव की जनता इसका करारा जवाब इस लोकसभा चुनाव में देगी। प्रधानमंत्री मोदी का सिर फोड़ने वाला सांसद क्या राजनांदगांव की जनता चुनेगी?

---

### बाजार और श्रमिकों के कार्यस्थल में किया गया मतदाता जागरूकता अभियान

सारंगढ़ बिलाईगढ़, । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री धर्मेश कुमार साहू के निर्देशन और स्वीप नोडल अधिकारी श्री हरिशंकर चौहान के मार्गदर्शन में जिले में मतदाता जागरूकता अंतर्गत नवाचार करते हुए नये-नये आयोजन के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में सारंगढ़ विकासखंड के ग्राम दानसरा और बरमकेला विकासखंड के ग्राम लेन्धरा के बाजार में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। दानसरा में इस रैली की शुरूआत मंदिर प्रांगण से किया गया। इसी प्रकार जनपद पंचायत बरमकेला के सीईओ प्रज्ञा यादव के नेतृत्व में ग्राम पंचायत पिहरा, डुमरपाली और गोबरसिंघा में तालाब गहरीकरण या अन्य कार्य में संलग्न श्रमिकों ने मतदान करने के लिए सामूहिक शपथ लिया।

### बरमकेला क्षेत्र में पिंक थीम पर की गई मतदाता जागरूकता रैली

सारंगढ़ बिलाईगढ़, मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रज्ञा यादव के नेतृत्व में बरमकेला विकासखंड के संकुल संगठन ग्राम कांदुरपाली, लेंधरा, बुदेली और बोन्दा में सुबह 8 बजे से मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत पिंक रैली का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण जन, महिला, पुरूष, बुजुर्ग शामिल हुए। पिंक थीम महिलाओं पर केन्द्रित है, जिसके कारण से इस मतदाता जागरूकता रैली नाम पिंक रैली रखा गया, जिसमें सभी महिलाएं गुलाबी (पिंक) साड़ी पहनकर कार्यक्रम में शामिल हुई। कार्यक्रम अंतर्गत कांदुरपाली, लेंधरा, बुदेली और बोन्दा में रंगोली, मेहंदी, रैली और घर-घर जाकर मतदान के लिए मतदाताओं को प्रेरित किया गया और मतदाता स्टीकर ग्रामीणों के घर में चिपकाया गया। रैली के दौरान मतदाताओं को मतदान से प्रेरित करने के लिए नारा लगाया गया और मतदाताओं से मतदान करने हेतु संकल्प पत्र भी भरवाया गया।

### एसईसीएल कर्मचारियों को मतदाता जागरूकता अभियान के तहत दिलाई गई शपथ

सूरजपुर, । कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी श्री रोहित व्यास के निर्देशन में आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान करने के लिए मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप के अन्तर्गत जिला पंचायत सूरजपुर के सभाकक्ष में आयोजित माइक्रो ऑब्जर्वर के प्रथम प्रशिक्षण में उपस्थित एस.ई.सी.एल. विश्रामपुर, कुम्दा कॉलरी, भटगांव के एवं अन्य उपस्थित अधिकारी/कर्मचारियों को मतदाता शपथ दिलाया गया और उन्हे मतदान के लिए प्रेरित करते हुए अवश्य मतदान करने की अपील की गई।

### सांसद के लापता होने की लिखाई गई रिपोर्ट

कोरबा, । जिले में भाजयुमो के कार्यकर्ताओं ने कोरबा की वर्तमान सांसद के लापता गुमशुदा हो जाने की शिकायत सीएसईबी पुलिस चैकी में दर्ज कराया है.भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकताओं और मंडल अध्यक्ष ने सांसद के लापता हो जाने की पुलिस चैकी में शिकायत दर्ज कराया और बताया कि उनके द्वारा कोरबा की संसद ने जो जनता से वायदे किए थे वो उन्होंने पूरा नही किया है और पांच साल में कभी नजर भी नही आई है जिसकी खोजबीन करके सूचित करने की मांग पुलिस से की गई है.

### सिलेंडर फटने से युवक की मौत

कोरबा, जिले में बुधवार की दोपहर बीच शहर में हुए हादसे में कुसमुंडा क्षेत्र के युवा की दुखद मौत हो गई। जानकारी के अनुसार कुसमुंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रेम नगर निवासी रोहित पटेल उम्र लगभग 38 वर्ष अपने एक साथी के साथ फ्रिज़र का एसी टैंक लेने कोरबा गया हुआ था, वापसी में ओवर ब्रिज के नीचे मस्जिद कॉम्पलेल्स में एक चश्मे की दुकान में चश्मा लेने रुका हुआ था,सामान भी साथ में था, इसी दौरान जोर का धमाका हुआ, धमाका छोटे से गैस सिलेंडर का था। इस धमाके में सिलेंडर का एक टुकड़ा रोहित के सिर के पीछे जा लगा, आनन फानन उसे कोरबा के निजी अस्पताल में ले जाया गया,जहां सिर से अत्यधिक रक्त स्त्राव की वजह से रोहित की मौत हो गई। अस्पताल से प्राप्त जानकारी के उपरांत सिविल लाइन पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। वही इस घटना की खबर से प्रेम नगर में शोक की लहर है।

### होम वोटिंग के लिए मतदान दलों को दिया गया प्रशिक्षण

सुकमा, कलेक्टर एवम् जिला निर्वाचन अधिकारी श्री हरिस.एस के निर्देशन में गुरूवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में मास्टर ट्रेनर श्री रूपेश समरथ के द्वारा होम वोटिंग के लिए मतदान दलों को प्रशिक्षण दिया गया। उल्लेखनीय है कि लोकसभा चुनाव 2024 के तहत जिले में 85 वर्ष से अधिक के मतदाता व ऐसे मतदाता जो मतदाता सूची में दिव्यांग के रूप में दर्ज हैं एवं उनके पास दिव्यांग प्रमाण पत्र है जिसमें दिव्यांगता का प्रतिशत 40 से अधिक है उन्हें होम वोटिंग की सुविधा होगी। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी श्री जीआर मांडवी और सहायक आयुक्त आदिम जाति विकास विभाग श्री शरत चंद्र शुक्ला उपस्थित थे।

---

# राम नामी समाज के प्रमुखों समेत 500 से ज्यादा लोगों ने ली भाजपा की सदस्यता

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, महामंत्री संजय श्रीवास्तव, जगदीश रामू रोहरा, सरला कोसरिया की उपस्थिति में बिलासपुर की पूर्व महापौर वाणी राव, राम नामी संप्रदाय की प्रमुख सदस्य, कांग्रेस पार्टी, जनता कांग्रेस, छत्तीसगढ़ के प्रमुख फिल्मी व लोक कलाकार सहित 500 से अधिक लोगों ने भाजपा प्रवेश किया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव सदस्यता लेने आए लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा परिवार में आपका स्वागत है। भाजपा की रीति नीति सिद्धांत एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से प्रभावित होकर राजनीतिक, सामाजिक एवं अन्य क्षेत्रों के लोग लगातार भाजपा की सदस्यता ले रहे है। पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी आज दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है। भारत के अधिकांश राज्यों में सबसे ज्यादा भाजपा की सरकार है और भाजपा के



मुख्यमंत्री है सबसे ज्यादा सांसद, विधायक भाजपा के ही है। 1 नवंबर 2000 को छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण हुआ और छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण भाजपा ने ही किया है।

भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा कि आज भाजपा एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यों से लोग प्रभावित होकर लगातार भाजपा की सदस्यता ले रहे हैं। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जनता को पूरा-पूरा मिल रहा है और देश की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यों से प्रभावित होकर उन्हें अपना नेता मान लिया है। कांग्रेस पार्टी सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के, सामाजिक क्षेत्र के लोग लगातार भाजपा से जुड़ रहे हैं और भाजपा से जुड़कर देश को विकसित बनाने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व को मजबूती प्रदान कर रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने किया एवं आभार श्रीमती सरला कोसरिया ने माना।

---

## स्वीप के तहत मानव श्रृंखला बनाकर मतदाता जागरूकता का दिया संदेश

एजेंसी।

उत्तर बस्तर कांकेर कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी अभिजीत सिंह के निर्देश पर और जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप के नोडल अधिकारी सुमित अग्रवाल के मार्गदर्शन में आज लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत स्थानीय अशासकीय विद्यालय में मतदान जागरूकता अभियान कार्यक्रम के तहत जागरूकता अभियान कार्यक्रम चलाया गया।



इस दौरान विद्यालय स्टॉफ को मतदान जागरूकता शपथ दिलाया गया। साथ ही विद्यार्थियों के द्वारा मतदान जागरूकता अभियान के तहत जागरूक रहेगा कांकेर मतदान करेंगा कांकेर फार्मेषन के माध्यम से आम नागरिकों को जागरूक करने हेतु कार्यक्रम संचालित किया गया। जिला प्रशासन की ओर से स्वीप अंतर्गत मतदाताओं को जागरूक करने हेतु फार्मेषन के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है। उपरोक्त कार्यक्रम में सभी उपस्थित स्टाफ व छात्र-छात्राओं के द्वारा ''जागरूक रहेगा कांकेर, मतदान करेगा कांकेर'' और स्वीप कार्यक्रम का मानव श्रृंखला के माध्यम से फार्मेशन तैयार कर उन्हें शपथ दिलाई गई।




### स्वीप के तहत मानव श्रृंखला बनाकर मतदाता जागरूकता का दिया संदेश

उत्तर बस्तर कांकेर । कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी अभिजीत सिंह के निर्देश पर और जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप के नोडल अधिकारी सुमित अग्रवाल के मार्गदर्शन में आज लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत स्थानीय अशासकीय विद्यालय में मतदान जागरूकता अभियान कार्यक्रम के तहत जागरूकता अभियान कार्यक्रम चलाया गया।

---



रामनामी समाज के सदस्यों व पदाधिकारी भाजपा कार्यालय में

**एजेंसी।** रामनामी समाज से मणिराव, फिल्म स्टार मनमोहन सिंह ठाकुर के नेतृत्व में सिंगर शिवा जांगड़े, सतनाम भजन सम्राट द्वारिका बर्मन, सिंगर लक्ष्मी नारायण पांडे, नीलकमल वैष्णव, डॉ.मनोज कुमार आडिल, योगेश्वरानंद नेताम प्रदेश अध्यक्ष भारतीय राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस महासंघ के नेतृत्व में, एस. एल. पूड़ो प्रदेश उपाध्यक्ष, जैनेंद्र साहू प्रदेश उपाध्यक्ष, राजू सोनी प्रदेश सचिव, हरगोविंद देवांगन जिला अध्यक्ष, कौशल साहू, अजय, तारम, नारायण साहू, राज साहू, नितेश साहू, सह मीडिया प्रभारी, डॉ. अनामिका पाल प्रदेश अध्यक्ष महिला जनता कांग्रेस के नेतृत्व में डॉ. अमीन खान प्रदेश उपाध्यक्ष जोगी कांग्रेस, श्रीमती संतोषी रात्रि प्रदेश संगठन मंत्री, घनश्याम प्रधान जिला अध्यक्ष युवा जनता कांग्रेस महासमुंद, ऋतुराज शर्मा जिला मीडिया प्रभारी गौरेला पेंड्रा मरवाही, राजा चैबे, सोशल मीडिया प्रभारी, श्याम पटेल, सुहानी पटेल, जांजगीर-चांपा विधानसभा क्षेत्र से रवि पांडे संयुक्त महासचिव प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में लगभग 50 पदाधिकारी एवं निर्वाचित जनप्रतिनिधि दल्ला सोनी जिला पंचायत सदस्य, अजय निर्मलकर प्रदेश महामंत्री ओबीसी मोर्चा कांग्रेस, महेश राठौर प्रदेश सचिव ओबीसी मोर्चा कांग्रेस, दीपक गोयल जिला कोषाध्यक्ष औषधि संघ, गोपीचंद कुर्रे, कृष्ण कुमार कश्यप, राजेश्वर कश्यप, राजेश पांडे, भोले सिंह, पिंकी सिंह अध्यक्ष कांग्रेस नवल ताम्रकार, डॉ. अब्दुल अमीन खान जनता कांग्रेस युवा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में नरेंद्र नारंग पूर्व जिला सचिव जनता कांग्रेस, लव कुमार कुर्रे पूर्व जिला महामंत्री, योगेश तिलक पूर्व ब्लाक अध्यक्ष, ऋतुराज शर्मा, कांग्रेस पार्टी से राजेश्वर साहू सरपंच देवरी, सुरेश साहू, दुर्गेश साहू, चंद्र कुमार, दीपक सिदार सहित बहुत बड़ी संख्या में कांग्रेस जनता कांग्रेस फार्मेसी क्षेत्र के लोग और फिल्म उद्योग से जुड़े हुए लोगों ने भाजपा की सदस्यता ली।

### हस्ताक्षर अभियान के तहत मतदाताओं को किया जा रहा जागरूक




**महासमुंद** कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए मतदाताओं की मतदान में शत प्रतिशत भागीदारी हेतु मतदाता जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में आज जिला संगठक डॉ. मालती तिवारी के मार्गदर्शन में स्वीप कार्यक्रम के तहत डॉ. भीमराव अंबेडकर शासकीय महाविद्यालय बलौदा के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए हस्ताक्षर अभियान संचालित किया गया है। हस्ताक्षर के माध्यम से मतदाताओं को 26 अप्रैल 2024 को होने वाले मतदान के लिए संदेश दिया जा रहा है।

# एसईसीएल प्रबंधन ने बिना सूचना दिये तुड़वाए ग्रामीणों का मकान, दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग

**कोरबा,**

सार्वजनिक क्षेत्र के वृहद उपक्रम कोल् इंडिया के अधीन संचालित एसईसीएल बिलासपुर की कोरबा-पश्चिम क्षेत्र में स्थापित खुले मुहाने की गेवरा कोयला परियोजना अंतर्गत एसईसीएल की मेगा प्रोजेक्ट एसईसीएल की दीपका परियोजना ने बिना सूचना दिए ग्राम सुवाभोड़ी में स्थित आवासों एवं लगाये गये पेड़-पौधे को एसईसीएल दीपका विस्तार परियोजना द्वारा अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाली एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारियों का संरक्षण पाकर बल पूर्वक तोड़ कर समतल किये जाने के विरुद्ध जाँच कर उचित कार्यवाही की मांग की गई है।

इस मामले में आयुक्त (कमिश्नर) बिलासपुर, कोरबा कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया गया है कि एसईसीएल दीपका विस्तार परियोजना के अंतर्गत हमारी भूमि एवं मकान को एसईसीएल दीपका क्षेत्र द्वारा सन् 2004 में अर्जन किया गया है। उक्त समस्त भूमि और मकान के अर्जन के कारण मध्य प्रदेश पुनर्वास नीति के तहत रोजगार के पात्र हैं। हमारे द्वारा एसईसीएल दीपका में रोजगार हेतु उच्च न्यायालय, बिलासपुर (छत्तीसगढ़) में याचिका प्रस्तुत की गई है जो कि वर्तमान में



लंबित है। बताया जा रहा हैं की एसईसीएल के द्वारा भूमि व मकान का अधिग्रहण करने के पश्चात गलत मुआवजा की राशि देने का प्रयास किया गया जिसे हमारे द्वारा लेने से इंकार करने पर जबरन गलत मुआवजा राशि को दीपका प्रबंधन द्वारा ट्रिब्यूनल कोर्ट, बिलासपुर में जमा कर दिया गया है जो वर्तमान में लंबित है। उक्त ट्रिब्यूनल कोर्ट में जमा की गई राशि हमारे द्वारा नहीं लेने के कारण एसईसीएल दीपका क्षेत्र प्रबंधन ने आक्रोश में आकर दमन पूर्वक कार्यवाही करते हुए 02 अप्रैल को बिना किसी नोटिस-सूचना दिये अमित सक्सेना (मुख्य महाप्रबंधक), पार्थ मुखर्जी (महाप्रबंधक संचालन), देवेन्द्र कुमार मेश्राम (सीनियर ऑफिसर माइनिंग), मिथिलेश मधुकर (नोडल अधिकारी), अनूप कुमार मंडवारिया (चीफ मैनेजर), राजकुमार शर्मा (पर्सनल मैनेजर), जेतेद्र दुबे (असिस्टेंट पर्सनल मैनेजर), दीपका क्षेत्र द्वारा अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाली, तहसीलदार हरदीबजार एवं पटवारी को साथ में लेकर 3 अप्रैल को सुबह लगभग 5 बजे ग्राम सुवाभोड़ी पहुंचे और उनका संरक्षण पाकर एसईसीएल दीपका क्षेत्र प्रबंधन, 3 जेसीबी लेकर पहुंचे। बलपूर्वक ग्राम सुवाभोड़ी स्थित हमारे समस्त मकानों को पूरा तोड़-फोड़ कर समतल कर दिया गया है जिससे घर सहित घर में रखे सभी सामान क्षतिग्रस्त हो गये हैं। प्रार्थी ग्राम सुवाभोड़ी के पंचायत चैनपुर की सरपंच मीना जगत सहित पीडित सनिज कुमार पिता धन सिंह, लोकेश कुमार पिता रामचंद्र, श्रीमती उषा चैहान पति कमल किशोर चैहान, महेंद्र यादव पिता सतानंद, योगेश प्रजापति पिता रामचंद्र, संजय यादव पिता कोमल प्रसाद यादव ने घटना की तत्काल जांच करते हुए दोषी अधिकारियों के विरुद्ध उचित कार्रवाई करने का आग्रह किया गया है। इसकी प्रतिलिपि मुख्यमंत्री, विधायक, कटघोरा विधानसभा क्षेत्र, कटघोरा को भी प्रेषित किया गया है।

उक्त घटना में एसईसीएल के अधिकारी एवं प्रशासनिक अधिकारी अमित सक्सेना (मुख्य महाप्रबंधक), पार्थ मुखर्जी (महाप्रबंधक संचालन), देवेन्द्र कुमार मेश्राम (सीनियर ऑफिसर माइनिंग), मिथिलेश मधुकर (नोडल अधिकारी), अनूप कुमार मंडवारिया (चीफ मैनेजर), राजकुमार शर्मा (पर्सनल मैनेजर), जेतेद्र दुबे (असिस्टेंट पर्सनल मैनेजर), विष्णु प्रसाद पैकरा (तहसीलदार हरदीबाजार), रुचि शार्दुल (अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाली), कमल (पटवारी), मनीष जायसवाल (राजस्व निरीक्षक), विवेक कंवर (पटवारी हरदीबजार), मृत्युंजय पांडे (थाना प्रभारी) 14. परमेश्वर राठौर (दीपका), किरण गुप्ता, सुरक्षा बल के जवान (CISF) जो वहां उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय सीमा की बैठक

दंतेवाड़ा, कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक ली गयी। बैठक में कलेक्टर ने जिले में स्थापित 10 संगवारी मतदान केंद्र, 6 युवा मतदान केंद्र तथा 1 दिव्यांग मतदान केंद्र के बारे में आवश्यक मूलभूत व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए अन्य प्रबंध भी सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में कलेक्टर ने 24 चिन्हांकित मतदान केंद्रों में आ रही समस्याओं का निराकरण तत्काल करने और विद्युत सेवा बाधित मतदान केन्द्रों में विद्युतीकरण को दुरूस्त करने, 122 मतदान केंद्रों में वेबकास्टिंग हेतु आवश्यक उपकरण लगाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके साथ ही बैठक में निर्वाचन 2024 के परिप्रेक्ष्य में वाहन अधिग्रहण करने और उसमें जीपीएस मॉनिटरिंग सिस्टम लगाने के संबंध में भी कलेक्टर द्वारा निर्देशित किया गया। कलेक्टर ने कहा कि जिन मतदान केंद्रों में 2000 से अधिक मतदाता है वहां प्रसाधन केंद्र पेयजल और छायादार व्यवस्था सुनिश्चित होनी चाहिए। इसके साथ ही मतदान सामग्री वितरण केंद्र में वितरक टेबलों की संख्या में वृद्धि की जाएगी। ताकि मतदान दल सुविधापूर्वक मतदान सामग्री लेकर अपने गंतव्य के लिए रवाना हो सकें। समय-सीमा बैठक में अन्य बिंदुओं की समीक्षा के क्रम में ब्लॉक दंतेवाड़ा, गीदम, कुआकोंडा और कटेकल्याण में निर्माणाधीन आवास योजनाओं की पुर्णता के लिए समयबद्ध लक्ष्य भी दिये गये। साथ ही संबंधित सीईओ से कहा गया कि वे रोजाना इसकी प्रगति की अद्यतन जानकारी कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत करेगें। इसके साथ ही बैठक में डीएमएफ नवीन गाइडलाइन से अवगत कराते हुए इसके अंतर्गत पंचवर्षीय योजनाएं, चालू वर्ष में किये जा रहे कार्यो और डीएमएफ की आवश्यकता वाले आधारभूत क्षेत्रों हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए भी विभागों को भी निर्देशित किया गया। इस दौरान बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री कुमार बिश्व रंजन, एसडीएम श्री जयंत नाहटा, अपर कलेक्टर श्री राजेश पात्रे, उप निर्वाचन अधिकारी श्री अभिषेक तिवारी सहित समस्त विभाग प्रमुख अधिकारीगण उपस्थित थे।

# हार के डर से बिगडने लगे है चरणदास महंत के बोल - मंत्री देवांगन

### दर्री मंडल के विभिन्न क्षेत्रों में ली नुक्कड़ सभा

**कोरबा,।** दर्री के पुरानी बस्ती में आयोजित नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए वाणिज्य, उद्योग और श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने कहा कि कांग्रेस की हार अब उनके बयानों में साफ तौर पर दिखने लगी है। कभी अपने कार्यकर्त्वो को जूते मारने की बात कर रहे हैं तो कभी हमारे देश के प्रधानमंत्री के खिलाफ भी अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं। दर्री मंडल में मंत्री श्री देवांगन ने तीन वार्डो में नुक्कड़ सभा ली। पुरानी बस्ती दर्री में मंत्री श्री देवांगन ने कहा पांच साल से जनता से दूरी, और कमीशनखोरी की वजह से यहां की सांसद को जनता ने इस बार पूरी तरह से बेदखल करने का ठान लिया है। मंत्री श्री देवांगन ने कहा की सांसद के पति डॉ चरणदास महंत अपनी सरकार में विधानसभा अध्यक्ष थे, इनको विकास करने के लिए किसने रोका था। अब महंत परिवार जब जनता के बीच जा रही है, तो उनको विरोध का का सामना करना पड़ रहा है। इसी विरोध की वजह से अब नेता प्रतिपक्ष उलजलूल बयान दे रहे हैं। उनको अपनी अब तक की सबसे बड़ी हार का डर सता रहा है। इस अवसर पर दर्री मंडल के अध्यक्ष ईश्वर साहू, पूर्व पार्षद डॉ आर सी पांडेय, पूर्व मंडल अध्यक्ष तुलसी ठाकुर, योगेश्वर गुप्ता, पार्षद गोलू पांडे, पार्षद ममता साहू, शैलेंद्र यादव, कलिंदरी राजवाड़े, महामंत्री मनोज लहरे, राधा मानिकपुरी समेत अन्य उपस्थित रहे। गोपालपुर वार्ड में नुक्कड़ सभा के दौरान मंत्री श्री देवांगन ने कहा की पहले विधानसभा चुनाव और अब लोकसभा में वार्डो में हम जा रहे हैं, कहीं की जनता ने आजतक ये नहीं कहा की सांसद ने कोई काम भी कराया हो, काम तो दूर की बात, जनता को पांच साल में दर्शन तक नहीं दिया। सियाहिमुडी में आयोजित नुक्कड़ सभा को संबोधित करते मंत्री श्री देवांगन ने कहा की कोरबा की आवाज बीते 5 साल में कोरबा से आगे नहीं जा सकी, वजह यहां की सांसद ज्योत्सना महंत की कोरबा से गायब रहना, कोई जनप्रतिनिधि लोगों के बीच रहेगा ही नहीं तो उसे समस्या कैसे पता होगा, सरोज दीदी के जितने के बाद दिल्ली तक वो हमारी आवाज बनकर जाएंगी, आपकी जो भी समस्या होगी वह तत्काल पूरी होगी।

# दंतैल ने घेरा ग्रामीण परिवार को, पटाव में छिपकर बचाई जान

**कोरबा**, जिले के कटघोरा वनमंडल में हाथियों का आतंक बदस्तूर जारी है। यहां के केंदई रेंज में विचरण कर रहे एक दंतैल हाथी आधी रात को दल से अलग होकर ग्राम परला पहुंच गया और एक ग्रामीण के घर को घेर लिया। घर में दंतैल से घिरे ग्रामीण व उसका परिवार पटाव में चढकर अपनी जान बचाई। वन विभाग की निगरानी टीम को जानकारी मिलने पर तत्काल मौके पर पहुंची और दंतैल को खदेडने के साथ पटाव में छिपे ग्रामीण व उसके परिवार को उतारकर सुरक्षित स्थान में पहुंचाया। इस दौरान दंतैल ने उत्पात मचाते हुए ग्रामीण के घर के काफी हिस्से को भी ध्वस्त कर दिया।



जानकारी के अनुसार केंदई रेंज में 39 हाथी कापानवापारा व परला बीट में विचरण कर रहे हैं जिनमें से 30 हाथियों का दल कापानवापारा तथा 9 हाथी परला के कक्ष क्रमांक पी-347 में सक्रिय हैं। बताया जाता है कि परला क्षेत्र में सक्रिय 9 हाथियों के दल में शामिल एक दंतैल हाथी रात्रि 1 बजे के लगभग दल से अलग हुआ और परला बस्ती में प्रवेश कर चंद्रिका प्रसाद साहू नामक ग्रामीण के घर में घुस गया। दंतैल ने घर में प्रवेश करते ही उत्पात मचाना शुरू कर दिया और बरामदे को तोडने के साथ ही चंद्रिका प्रसाद व उसके परिवार को घेर लिया। किसी तरह चंद्रिका प्रसाद व उसका परिवार अपने आपका बचाव करते हुए पटाव में चढ़ गया और उसके एक कोने में छिपकर जान बचाने के साथ ही इसकी जानकारी वन विभाग के अधिकारियों को दी। अधिकारियों के निर्देश पर हाथियों की निगरानी में लगे वन विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और जान जोखिम में डालकर पहले ग्रामीणों को नीचे उतारा फिर दंतैल को खदेडने की कार्यवाही की। जिससे ग्रामीण व उसके परिवार की रक्षा हो सकी। इस बीच वन विभाग की टीम ने थर्मल ड्रोन कैमरे में दंतैल की हरकतों व बचाव अभियान की तस्वीर कैद कर ली। बचाव अभियान की कार्यवाही में डिप्टी रेंजर अजय कुमार साय, वनपाल दरसराम मिलन, वनरक्षक राकेश चैहान, राजकुमार बंजारे, सुकमन पाटले, पंकज खैरवार, प्रदीप पराइन के साथ ग्रामीणों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इससे पहले दंतैल ने बुधवार सिंह बिंझवार के घर को भी निशाना बनाते हुए क्षतिग्रस्त कर दिया। दंतैल के उत्पात से ग्रामीण काफी दहशत में रहे।

# माइक्रोऑब्जर्वर को दिया गया प्रथम प्रशिक्षण

**सूरजपुर,** 0आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष ढंग से सम्पन्न कराने हेतु जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री रोहित व्यास के निर्देशन में एवं प्रशिक्षण नोडल अधिकारी श्रीमती कमलेश नंदनी साहू मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सूरजपुर की उपस्थिति में माइक्रो ऑब्जर्वर को प्रथम प्रशिक्षण जिला पंचायत सूरजपुर के सभाकक्ष में दिया गया। जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर श्री पी.सी. सोनी प्राचार्य ने बताया कि माइक्रो ऑब्जर्वर को सामान्य प्रेक्षक के नियंत्रण एवं निर्देशन में कार्य करना है अतः सभी माइक्रो ऑब्जर्वर के पास सामान्य प्रेक्षक का नाम एवं मोबाईल नम्बर होना चाहिए। माइक्रो ऑब्जर्वर उस मतदान केन्द्र में सिर्फप्रेक्षक हैं जो मतदान दिवस को मतदान केन्द्र में उपस्थित होकर मतदान दल द्वारा की जानी वाली मतदान प्रक्रिया का पर्यवेक्षण करेंगे। ये मतदान दल के सदस्य नहीं है। वे किसी भी स्थिति में मतदान दल के सदस्य के रूप में कार्य नहीं करेंगे। इनकी नियुक्ति जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा आयोग के निर्देशानुसार क्रिटिकल मतदान केन्द्र में की जाती हैं। इन्हें जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा नियुक्ति आदेश एवं फोटो पहचान पत्र दिया जाएगा। इन्हे जिला निर्वाचन अधिकारी की



व्यवस्था द्वारा मतदान केन्द्र में पहुँचाया जायेगा जो मतदान केन्द्र में सम्पन्न होने वाली सम्पूर्ण मतदान प्रक्रिया का सूक्ष्मता पूर्वक पर्यवेक्षण कर अपनी रिपोर्ट 18 बिंदुओं के अंतर्गत सामान्य प्रेक्षक या प्रेक्षक प्रतिनिधि को बंद लिफाफा में सौपेंगे।

इन्हे यह बताया गया कि माइक्रो आब्जर्वर को मतदान केन्द्र पर चलने वाली निम्न प्रक्रिया का अवलोकन करेंगे- वास्तविक मतदान प्रारंभ होने के 90 मिनट पूर्व से प्रारंभ होने वाली मॉक पोल प्रक्रिया की निगरानी, मॉक पोल के डाटा को हटाया जाना, वीवीपैट के ड्रॉपबॉक्स से मॉक पोल के पेपर पर्चियों को निकालकर ड्रॉपबॉक्स को खाली करना, वास्तविक मतदान के पूर्व मतदान मशीन में सीलिंग प्रक्रिया का अवलोकन, मॉक पोल प्रमाण पत्र तैयार करनी की निगरानी, मतदान अभिकर्ता की उपस्थिति एवं उनका आचरण, एन्ट्री पास सिस्टम की निगरानी, मतदान केन्द्र पर सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाएं- बिजली, पेयजल, शौचालय, छाया, रैम्प, मतदाता सुविधा पोस्टर की निगरानी, मतदाता के पहचान के आवश्यक दस्तावेज- वोटर कार्ड या वोटर कार्ड नहीं होने पर 12 अन्य वैकल्पिक दस्तावेज से मतदान करने की निगरानी, अमिट स्याही की उपयोग, ईवीएम व वीवीपैट के रिप्लेसमेंट की निगरानी, मत की गोपनीयता की निगरानी, मतदान के दौरान अन्य शिकायतों की निगरानी कर अपना रिपोर्ट तैयार कर प्रस्तुत करने के संबंध में विस्तार से बताया गया।

## स्काउट गाइड्स द्वारा चलाया जा रहा मतदाता जागरूकता अभियान

कोरबा, आरएनएस)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत के मार्गदर्शन में आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर जिले में आमजनों में मतदान के प्रति जागरूकता लाने हेतु निरंतर स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम किया जा रहा है। महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं एवं स्काउट गाइड्स कैडर्स द्वारा शॉर्ट वीडियो, पोस्टर, नारा लेखन, रंगोली, पेंटिंग, निबंध, भाषण, वाद-विवाद जैसे गतिविधियां आयोजित कर लोगों को मतदान की महत्ता की जानकारी दी जा रही है। इसी कड़ी में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स कोरबा के स्काउट गाइड रोवर रेंजर द्वारा स्वीप कार्यक्रम के तहत शॉर्ट वीडियो व पोस्टर के माध्यम से मतदान जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

## गिधमुडी में बाल विवाह को डायल 112 ने रुकवाई

**कोरबा**, । बांगो थाना क्षेत्र अंतर्गत मोरगा चैकी के ग्राम गिधमुडी में हो रहे बाल विवाह की सूचना मंगलवार शाम चार बजे डायल 112की टीम को मिली। आरक्षक रामसिंह श्याम व चालक नीरज पांडेय ने मोरगा चैकी प्रभारी को मामले से अवगत कराते हुए चैकी स्टाफ के साथ संबंधित ग्राम पहुंचे, जहां 15 साल की नाबालिक लड़की का विवाह गांव के ही एक 19 साल के लड़के के साथ हो रहा था। जिसे तत्काल रुकवाया गया। एकलव्य विद्यालयों में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित

# सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में 31 जुलाई तक बिना अनुमति नलकूप खनन प्रतिबंधित

### कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री धर्मेश कुमार साहू ने जारी किया आदेश

**सारंगढ़ बिलाईगढ़,**

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री धर्मेश कुमार साहू ने ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए जिले में पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु सारंगढ़ बिलाईगढ़ संपूर्ण जिला को आगामी 31 जुलाई 2024 तक जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित किया है। छत्तीसगढ़ पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 (क्रमांक 3) 1987 की धारा 03 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए कलेक्टर ने यह आदेश जारी किया है। उक्त अधिनियम की धारा 06 के अंतर्गत सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में उपरोक्त अवधि में सक्षम अधिकारी की पूर्वानमुमति के बिना कोई नया नलकूप पेयजल अथवा पेयजल के अलावा किसी भी अन्य प्रयोजन के लिए खनन नहीं किया जा सकेगा, लेकिन शासकीय एजेंसी जैसे-लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को संपूर्ण जिले में तथा नगरपालिक निगम, नगरपालिका परिषद एवं नगर पंचायतों को केवल पेयजल हेतु अपने नगरीय निकाय की सीमा के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में नलकूप खनन हेतु अनुमति की आवश्यकता नहीं होगी। उन्हें केवल इस अवधि में खनन कराये गये नलकूपों की जानकारी प्राधिकृत अधिकारी को भेजना होगा।

जिले के सभी नागरिकों को अपने नगर अथवा ग्रामीण क्षेत्र में नलकूप खनन हेतु अनुविभागीय अधिकारी राजस्व से विधिवत अनुमति की आवश्यकता होगी। जनसुविधा को ध्यान में रखते हुए उक्त अधिनियम की धारा 06 के अंतर्गत सारंगढ़ और बिलाईगढ़ के अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को अपने क्षेत्र में नलकूप खनन हेतु अनुमति देने के लिए प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किया गया है। प्राधिकृत अधिकारी अपने कार्य क्षेत्र में छत्तीसगढ़ पेयजल परिरक्षण अधिनियमों में उल्लेखित प्रावधानों के अनुसार नलकूप खनन आवश्यक होने पर अनुमति प्रदान करने की कार्यवाही करेंगे। यदि किसी व्यक्ति या एजेंसी द्वारा उक्त अधिनियम के उल्लंघन में नलकूप खनन करना पाया जाता है तो उसके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

# लू से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग ने जारी किया दिशा निर्देश

**सुकमा,** कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार जिले में राज्य शासन के निर्देशानुसार जलवायु परिवर्तन एवं वैश्विक तापमान में औसत रूप से हुई वृद्धि के कारण जिला सुकमा के विभिन्न गांव के हिस्सों में अप्रैल से जून माह के दौरान भीषण गर्मी पड़ने एवं लू चलने की संभावना है। गर्मी के कारण जन स्वास्थ्य प्रभावित होता है। इन परिस्थितियों को दृष्टि रखते हुए दिशा निर्देश जारी किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. महेश सांडिया ने बताया कि जिले में लगातार मौसम परिवर्तन के बाद तेज धूप एवं गर्मी प्रारंभ हो गया है। जिसके कारण लू लगने की संभावना बढ़ गई है। सूर्य की तेज गर्मी के दुष्प्रभाव से शरीर के तापमान में विपरीत प्रभाव पड़ता है जिससे शरीर में पानी और खनिज लवण नमक की कमी हो जाती है इसे लू लगना या हीट स्ट्रोक कहा जाता है। वर्तमान में घर से बाहर जाकर ऑफिस वर्क करने वाले, खेती कार्य में लगे आमजन तथा बाजार में खरीददारी आदि कार्य करने वाले व्यक्ति पर्याप्त मात्रा में पानी एवं पेय पदार्थों का सेवन नहीं कर पाते हैं। इस कारण वे निर्जलीकरण के शिकार हो जाते हैं, जिसका समय पर उपचार ना मिलने के कारण मरीज की हालत गंभीर हो जाती है। सीएमएचओ ने बताया कि कलेक्टर श्री हरिस. एस के निर्देशन में डी.पी.एम. ने जिले के नागरिकों से गर्मी के मौसम में लू (तापाघात) से बचाव हेतु आवश्यक उपाय को अपनाने का अपील किया है। सीएमएचओ ने बताया कि जिले के जिला अस्पताल, सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों तथा आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में लू (तापाघात) से बचाव हेतु पर्याप्त मात्रा में आवश्यक जीवनरक्षक दवाईयों एवं ओ. आर. एस. की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। जिससे स्वयं और अपने परिवार को सुरक्षित रख सकें। सी.एम.एच.ओ. ने लू के लक्षण दिखने पर नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्रों में अवश्य जाने की अपील की है।

**लू से बचाव हेतु आवश्यक उपाय-** आम लोगों के द्वारा आवश्यक उपाय अपनाकर लू (तापाघात) से बचाव किया जा सकता है। जिसके अंतर्गत गर्मी के दिनों में हमेशा घर से बाहर जाते समय सफेद, सूती या हल्के रंग के कपड़े पहनना, भोजन करके तथा पानी पीकर ही घर से बाहर निकलना, घर से बाहर जाते समय गर्दन के पिछले भाग कान एवं सिर को कपड़े / गमछे से ढककर ही निकलना, छतरी एवं रंगीन चश्मे का प्रयोग करना, गर्मी के दिनों में अधिक मात्रा में पानी पीना तथा ज्यादातर पेय पदार्थों का सेवन करना सहित अन्य उपाय अपना सकते है। इसी प्रकार बाहर जाते समय पानी साथ रखें, धूप में बेवजह बाहर जाने से बचें, बच्चों बुजुर्गों व गर्भवती महिलाओं का विशेष ध्यान रखें, साथ ही उन्हें समय-समय पर पानी पीने के लिए प्रेरित करें एवं सुपाच्य भोजन एवं तरल पदार्थों का सेवन कराएं। गर्मी के दिनों में तीव्र धूप को घर के अंदर आने से रोकें तथा जहाँ तक संभव हो अधिक से अधिक समय तक धूप में रहकर घर में व्यायाम तथा मेहनत का काम ना करें, धूप में नंगे पांव ना चलें।

# लोकसभा निर्वाचन से संबंधी सेक्टर अधिकारियों की हुई बैठक

### निर्वाचन संबंधी दायित्वों को पूरी जवाबदेही और गंभीरता के साथ निर्वहन करें-सीईओ श्री बिश्वरंजन

**दंतेवाड़ा,** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार आज संयुक्त जिला कार्यालय भवन के सभाकक्ष में जिला पंचायत सीईओ श्री कुमार बिश्वरंजन के द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए नियुक्त सेक्टर अधिकारियों की बैठक में कहा गया कि निर्वाचन संबंधी दायित्वों को पूरी जवाबदेही और गंभीरता के साथ निर्वहन करें। इस दिशा में सेक्टर अधिकारियों की अहम भूमिका है। जो मतदान प्रक्रिया को सुचारू ढंग से संपन्न कराने के लिए महत्वपूर्ण कार्य करते हैं। इसके साथ ही उन्होंने सेक्टर अधिकारियों को पीठासीन अधिकारी से संबंधित जानकारी, मतदान सामग्री से संबंधित



जानकारी, मतदान सामग्री सीलिंग एवं सील करने की सामग्रियों, मतदान के पूर्व तैयारी, मतदान के पूर्व तैयारी, मतदान दिवस के दिन मतदान के पूर्व तैयारी, मॉक पोल, ईव्हीएम एवं वीवीपैट को जोड़ना एवं सील करना, मतदाता सूची की चिन्हित प्रति, निविदत्त मतपत्र, अभ्याक्षेपित मत, सेविवर्गीय मतदाता, प्रवासी, अनिवासी मतदाता, डाकमत पत्र, निर्वाचन कर्तव्य प्रमाण पत्र, एएसडी, मतदान अधिकारी 1,2,3 के कार्य तथा मतदान समाप्ति एवं समाप्ति उपरांत के कार्य एवं सामग्री जमा करने के संबंध में भी विस्तृत दिशा निर्देश दिये। बैठक में ग्रामीण विकास एवं स्थानीय निकायों के संबंधित अधिकारियों को मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन, आवागमन हेतु रूट सहित मतदान केंद्रों पर पेयजल, बिजली, शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं का सत्यापन कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने, मतदान केंद्रों पर पेयजल, बिजली, शौचालय की सुविधा हेतु आवश्यक पहल किए जाने हेतु कहा गया। बैठक में अवगत कराया गया कि सेक्टर अधिकारियों सहित मतदान दलों को निर्वाचन संबंधित प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है। उक्त बैठक में सहायक रिटर्निंग ऑफिसर श्री जयंत नाहटा, अपर कलेक्टर श्री राजेश पात्रे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अभिषेक तिवारी सहित निर्वाचन दायित्व से जुड़े अधिकारी तथा सेक्टर ऑफिसर्स मौजूद थे।

संपादकीय

## क्या मोदी तीसरे कार्यकाल में कुछ बड़े फैसले लेने वाले हैं?

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तराखंड के रूद्रपुर और राजस्थान के कोटपूतली में चुनाव प्रचार का शुभारंभ किया, इन दो राज्यों में चुनाव सभाएं कीं, फिर बिहार में बीजेपी के कार्यकर्ताओं के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संवाद किया। मोदी ने हर जगह भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रखने की बात कही। मोदी ने कहा कि उनका नारा है ङ्क भ्रष्टाचार भगाओ, विरोधियों का नारा है - भ्रष्टाचारियों को बचाओ, फैसला देश को करना है। रुद्रपुर में मोदी ने रोड शो किया। बाद में अपनी रैली में मोदी ने अपनी सरकार के काम गिनाए, जैसे हर घर जल और बिजली का कनेक्शन पहुंचाने की बात की, 80 करोड़ परिवारों को मुफ्त राशन और किसान सम्मान निधि देने की बात की। मोदी ने कहा, समाज के जिन वर्गों को पिछली सरकार ने पूछा तक नहीं, उन वर्गों की उन्होंने पूजा की है, उन्हें सम्मान के साथ उनका हक् दिया है। मोदी ने कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों पर तीखा हमला बोला, कहा कि उनकी सरकार के तीसरे कार्यकाल शुरू होने में अब ज्यादा दिन नहीं बचे हैं, चुनाव के बाद सरकार बनते ही भ्रष्टाचार के खिलाफ सबसे तेज़ कार्रवाई शुरू होगी। मोदी ने राहुल गांधी पर सीधा हमला बोला। राहुल गांधी का नाम लिए बिना मोदी ने कहा कि शाही परिवार के शहजादे लोगों को भड़काने की कोशिश कर रहे हैं, देश में आग लगाने की बातें कर रहे हैं, कह रहे हैं कि बीजेपी के जीतने से देश में आग लग जाएगी।



## घर तो बुजुर्गो के साये से बनता है,

सपनो में आकाश सी ऊंचाई होनी चाहिए,
दिल में सागर सी गहराई होनी चाईये,

अगला दिन इतिहास बनेगा या भविष्य,
मन की आँखों में इतनी बिनाई होनी चाहिये

घर तो बुजुर्गो के साये से बनता है,
उनकी सदा इज्जत अफ्जाई होनी चाईये।

ईश्वर में विश्वास हो पक्का तो,
कुरान और गीता सी सच्चाई होनी चाहिए।

रिश्तेदारों से तो पडोसी अच्छे है,
दुःख सुख के रिश्तों में गरमाई होनी चाहिए।

गर्भ में तो राम,रावण रोपे जाते है,
कर्मो की उसमें परछाई होनी चाहिए।

मुद्दतों बाद मिला है आज पुराना दोस्त,
देर तलक खुशबुओं की खुशनुमाई होनी चाहिए,

जिसने वतन की खातिर खून बहाया,
वतन परस्ती की भरपाई होनी चाहिये,

- संजीव ठाकुर



# भारतीय अर्थव्यवस्था लम्बी छलांग लगाने को तैयार



वित्तीय वर्ष 2023-24 की तृतीय तिमाही (अक्टोबर-दिसम्बर 2023) में भारत में आर्थिक विकास की दर 8.4 प्रतिशत रही है। कुछ विदेशी अर्थशास्त्री भारत की आर्थिक विकास दर को कमतर आंकते हुए दिखाई दे रहे हैं जबकि यह लगातार तिमाही दर तिमाही आगे बढ़ती ही जा रही है। अब तो विश्व की कई आर्थिक एवं वित्तीय संस्थानों ने भी वर्ष 2024 के लिए भारत की आर्थिक विकास दर के सम्बंध में अपने अनुमानों को बेहतर किया है, परंतु अभी भी इन संस्थानों के यह अनुमान वास्तविक आर्थिक विकास दर की तुलना में बहुत कम हैं। दरअसल, विदेशी आर्थिक एवं वित्तीय संस्थानों द्वारा विशेष रूप से भारत की आर्थिक विकास दर को आंके जाने के सम्बंध में उपयोग किए जा रहे मॉडल अब बोथरे साबित हो रहे हैं। हाल ही के समय में भारत के नागरिकों में ÷स्व÷ का भाव विकसित होने के चलते देश में धार्मिक पर्यटन बहुत तेज गति से बढ़ा है। उदाहरण के लिए अयोध्या धाम में प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर में श्रीराम लला के विग्रहों की प्राण प्रतिष्ठा के पश्चात प्रत्येक दिन औसतन 2 लाख से अधिक श्रद्धालु अयोध्या पहुंच रहे हैं। यह तो केवल अयोध्या की कहानी है इसके साथ ही काशी विश्वनाथ मंदिर, उज्जैन में महाकाल लोक, जम्मू स्थित वैष्णो देवी मंदिर, उत्तराखंड में केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री एवं यमनोत्री जैसे कई मंदिरों में श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ रही है। भारत में धार्मिक पर्यटन में आई जबरदस्त तेजी के बदौलत रोजगार के लाखों नए अवसर निर्मित हो रहे हैं, जो देश के आर्थिक विकास को गति देने में सहायक हो रहे हैं। परंतु, यह तथ्य विदेशी आर्थिक एवं वित्तीय संस्थानों को दिखाई नहीं दे रहा है, जो कि केवल भारत की ही विशेषता है।

उक्त तथ्यों के अतिरिक्त अन्य कई कारक भी भारत की आर्थिक विकास दर को अब 9 से 10 प्रतिशत की सीमा में ले जाने को तैयार दिखाई दे रहे हैं। आज भारतीय अर्थव्यवस्था की तुलना में भारत से आगे चल रही विश्व के अन्य देशों की अर्थव्यवस्थाओं की विकास दर में ठहराव आ गया है। जैसे अमेरिका एवं यूरोप की अर्थव्यवस्थाएं आगे आने वाले समय में प्रतिवर्ष केवल 2 अथवा 3 प्रतिशत की दर से ही आगे बढ़ पाएंगी। इसी प्रकार चीन की अर्थव्यवस्था भी अब ढलान पर दिखाई दे रही है। जापान एवं जर्मनी की अर्थव्यवस्थाओं में तो आर्थिक मंदी देखी जा रही है। इस प्रकार विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में भारत के अमृत काल में केवल भारतीय अर्थव्यवस्था ही तेज गति आगे बढ़ती दिखाई दे रही है। वैसे भी भारत में अमृत काल तो अभी शुरू ही हुआ है एवं यह अगले 23 वर्षों अर्थात वर्ष 2047 तक यह खंडकाल जारी रहेगा। कुछ अर्थशास्त्री तो भारत के अमृत काल के बाद भी भारतीय अर्थव्यवस्था के इसी तरह तेज गति से आगे बढ़ते रहने की संभावनाएं व्यक्त कर रहे हैं क्योंकि भारत में वर्ष 1991-92 में प्रारम्भ किए आर्थिक एवं वित्तीय क्षेत्र के सुधार कार्यक्रम को अब 32 वर्ष पूर्ण हो गए हैं, हालांकि वर्ष 1991-92 के बाद भी भारत में आर्थिक एवं वित्तीय क्षेत्रों में सुधार कार्यक्रम लगातार जारी रहे हैं। अतः स्थिर हो चुके इन सुधार कार्यक्रमों के फल खाने का समय अब आ गया है।

भारत द्वारा वर्ष 1947 में राजनैतिक स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात, पिछले 77 वर्षों के दौरान भारत में लोकतंत्र लगातार मजबूत हुआ है एवं आज पूरे विश्व में भारत इस दृष्टि से प्रथम पायदान पर खड़ा है। भारत में लोकतंत्र के लगातार मजबूत होते जाने से विदेशी निवेशकों का भारत में विश्वास बढ़ा है जिसके चलते भारत में उद्योग जगत को पूंजी की कमी नहीं के बराबर रही है। पर्याप्त पूंजी की उपलब्धता के चलते भारत में आर्थिक विकास को गति ही मिली है। भारत में लगातार तेज हो रही आर्थिक विकास की दर के कारण भारत में बिलिनियर (100 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक की सम्पत्ति वाले नागरिक) की संख्या में सुधार हुआ है। पिछले वर्ष भारत में 94 नए बिलिनियर बने हैं। जबकि चीन में 115 बिलिनियर कम हुए हैं। विश्व में बिलिनियर की संख्या के मामले में भारत चीन एवं अमेरिका के बाद तीसरे स्थान पर आ गया है। भारत में आज 271 बिलिनियर हैं जबकि चीन में 814 एवं अमेरिका में 800 बिलिनियर हैं। मुंबई महानगर में तो अब 92 बिलिनियर निवास कर रहे हैं, जो चीन के बीजिंग महानगर के 91 बिलिनियर से अधिक है। इस प्रकार अब एशिया के किसी भी महानगर में सबसे अधिक बिलिनियर भारत के मुंबई महानगर में निवास कर रहे हैं। पूरे विश्व भारत के मुंबई महानगर से आगे अब केवल अमेरिका का न्यूयॉर्क महानगर (119 बिलिनियर) एवं ब्रिटेन का लंदन महानगर (97 बिलिनियर) ही है। वर्ष 2022-23 में चीन में बिलिनियर की संख्या घटी है। चीन में बिलिनियर की सम्पत्ति 15 प्रतिशत से कम हुई है। जबकि भारत में बिलिनियर की सम्पत्ति में वृद्धि दर्ज हुई है। यह भारत में तेज गति से हो रहे आर्थिक विकास दर के चलते सम्भव हो सका है।

एक और कारक जो आगे आने वाले समय में भारत की आर्थिक विकास दर को लगातार उच्च स्तर पर बनाए रखने में सहायक हो सकता है वह है भारत में प्रति व्यक्ति वार्षिक औसत आय का लगभग 2500 अमेरिकी डॉलर का होना है जो चीन में 13,000 से 14,000 अमेरिकी डॉलर के एवं दक्षिणी कोरीया में 32,000 से 33,000 अमेरिकी डॉलर के बीच की तुलना में बहुत कम है। इस दृष्टि से भारत को अभी बहुत आगे तक जाना है और यह केवल आर्थिक विकास की औसत दर को 10 प्रतिशत प्रतिवर्ष के आसपास बनाए रखने से ही सम्भव होगा। इस प्रकार भारतीय नागरिकों में अपनी औसत आय को विकसित देशों की तुलना में बेहतर करने की अभी बहुत गुंजाइश है और यह भावना भारत की आर्थिक विकास दर को बढ़ाए रखने में सहायक होगी। दूसरे, भारत में तकनीकी क्षेत्र विशेष रूप से सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में विकास की दर बहुत प्रभावकारी है, डिजिटल क्षेत्र में तो भारत आज पूरे विश्व को ही राह दिखाता नजर आ रहा है। सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में विकास के चलते भारत में विभिन्न क्षेत्रों में श्रमिकों, व्यवसाइयों, प्रबंधकों, कृषकों आदि की उत्पादकता में भी सुधार दृष्टिगोचर है जो निश्चित ही भारत में आर्थिक विकास की गति को तेज करने में सहायक होगा।

आज अमेरिका एवं कनाडा में निवासरत एवं सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में कार्य कर रहे भारतीय मूल के नागरिक वापिस भारत आकर बसने के बारे में गम्भीरता से विचार कर रहे हैं क्योंकि अब अमेरिका एवं अन्य विकसित देशों की तुलना में भारत में लगातार तेज हो रही आर्थिक विकास की दर उन्हें आकर्षित कर रही है। उन्हें आज भारत में अधिक आय अर्जन के अतिरिक्त साधन उत्पन्न होते दिखाई दे रहे हैं। एक सर्वे के अनुसार, लगभग 38,000 भारतीय जो अमेरिका में सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में कार्यरत हैं वे अब भारत वापिस आना चाहते हैं क्योंकि अमेरिका में कई कम्पनियां (गूगल, एमेजोन, माइक्रोसोफ्ट एवं मेटा सहित) अपने कर्मचारियों की छंटनी करती दिखाई दे रही हैं। ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था तो स्पष्टतः आर्थिक मंदी की चपेट में आ चुकी है। जबकि भारतीय अर्थव्यवस्था ने अक्टोबर-दिसम्बर 2023 की तिमाही में 8.4 प्रतिशत की आर्थिक विकास दर हासिल की है। कई विदेशी वित्तीय संस्थानों ने वर्ष 2024 में भारत की आर्थिक विकास दर के अनुमान को आगे बढ़ा दिया है।

अब तो भारत में, ग्रामीण इलाकों सहित, विभिन्न उत्पादों के खपत का स्तर भी लगातार बढ़ रहा है। केंद्र सरकार एवं विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा विकास कार्यों के लिए अपने बजट में खर्च को लगातार बढ़ाया जा रहा है जिससे सामान्य नागरिकों के हाथों में अधिक पैसा पहुंच रहा है तथा इससे नागरिकों के बीच विभिन्न उत्पादों के खपत का स्तर बढ़ता दिखाई दे रहा है। शहरी उपभोक्ता तो रोजमर्रा की जरूरी वस्तुओं के साथ साथ चार पहिया वाहन एवं मकान आदि खरीदने पर भी भारी मात्रा में पैसा खर्च कर रहे हैं। घरेलू खपत में बढ़ौतरी के साथ ही भारत से निर्यात में भी तेजी देखी जा रही है। फरवरी 2024 माह में निर्यात का स्तर पिछले 11 माह में सबसे अधिक रहा है। केंद्र सरकार का अनुमान है कि भारत वित्तीय वर्ष 2023-24 में निर्यात के क्षेत्र में अपने पिछले सारे रिकार्ड तोड़ देगा। मोर्गन स्टैनली के अनुसार भारत की अर्थव्यवस्था के लिए अच्छी खबर यह है कि भारत में निवेश : सकल घरेलू उत्पाद अनुपात में एक बार फिर सुधार दिखाई दे रहा है। यह अनुपात आज 34 प्रतिशत तक पहुंच गया है और उम्मीद की जा रही है वित्तीय वर्ष 2027 तक यह बढ़कर 36 प्रतिशत तक पहुंच जाएगा। जिससे भारत की आर्थिक विकास दर को और अधिक बल मिलेगा।

हां, भारत में एक क्षेत्र अभी भी ऐसा है जिसके लिए चिंता होना स्वाभाविक है। वह क्षेत्र है आय की असमानता का। भारत की 10 प्रतिशत आबादी के पास देश की 77 प्रतिशत सम्पत्ति जमा हो गई है। एक रिसर्च पेपर में यह बताया गया है कि भारत में आर्थिक विकास के साथ साथ आर्थिक असमानता भी बढ़ी है। वित्तीय वर्ष 2022-23 के अंत तक भारत की एक प्रतिशत आबादी की देश की कुल आय एवं सम्पत्ति में 22.6 प्रतिशत एवं 40.1 प्रतिशत की भागीदारी रही है। आय की असमानता को देश में आर्थिक विकास को गति देकर ही दूर किया जा सकता है, जिसके लिए केंद्र सरकार एवं विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा भरसक प्रयास किए जा रहे हैं।

**- प्रहलाद सबनानी**
**यह निजी विचार है ।**

# शेयरधारक क्यों अंधेरे में?

देवाशिष बसु

**भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने पिछले दिनों चुनावी बॉन्ड पर दो दस्तावेज में जानकारियां सौंपी। चुनावी बॉन्ड खरीदना पूरी तरह कंपनियों एवं उद्यमियों की इच्छा पर निर्भर था मगर प्रश्न यह है कि कोई कंपनी या इकाई अपनी मेहनत की कमाई स्वार्थ सिद्धि करने वाले राजनीतिज्ञों को क्यों दे? कंपनियां तभी ऐसा करती हैं जब उन पर दबाव डाला जाता है या कोई विशेष प्रोत्साहन दिया जाता है।चुनावी बॉन्ड के जरिये आया स्वैच्छिक चंदा अधिक नहीं माना जा सकता। ऐसा इसलिए भी कहा जा सकता है कि बड़ी कंपनियों के नाम चंदा देने वाली इकाइयों की सूची से नदारद थे। इन दिनों भारत के उद्योग जगत की ज्यादातर बड़ी कंपनियां शेयर बाजार में सूचीबद्ध हैं। मगर कुछ क्षेत्रों की लगभग 100 कंपनियों ने चुनावी बॉन्ड के जरिये राजनीतिक दलों को चंदा दिया।**

चंदा देने वाली कंपनियों की सूची में कुछ ही बड़ी कंपनियां (निफ्टी 200 शेयर) शामिल थीं।दानकर्ता कंपनियों की सूची में वेदांत (400 करोड़ रुपये से अधिक), भारती एयरटेल (198 करोड़ रुपये), टॉरंट पावर (106 करोड़ रुपये) और यूनाइटेड फॉस्फोरस (60 करोड़ रुपये) शामिल हैं। मगर इसमें शामिल ज्यादातर कंपनियों ने अपने मुनाफे की तुलना में काफी कम रकम चंदे के तौर पर दी है।उदाहरण के लिए सन फर्मास्युटिकल्स ने पिछले साल 8,900 करोड़ रुपये शुद्ध मुनाफा अर्जित किया था मगर उसने मात्र 31.50 करोड़ रुपये (महज 0.3 प्रतिशत) राजनीतिक दलों को चुनावी बॉन्ड के जरिये दिए। महिंद्रा ऐंड महिंद्रा ने लगभग इतनी ही रकम (25 करोड़ रुपये) चंदे के रूप में दी।

अन्य कंपनियों में बजाज फाइनैंस (20 करोड़ रुपये), बजाज ऑटो (18 करोड़ रुपये), हीरो मोटर्स (20 करोड़ रुपये), टीवीएस मोटर्स (26 करोड़ रुपये), अल्ट्राटेक (35 करोड़ रुपये), मारुति सुजूकी (20 करोड़ रुपये) और पीरामल एंटरप्राइजेज (48 करोड़ रुपये) के नाम सूची में दर्शाए गए हैं।इससे अधिक दिलचस्प बात यह है कि सूचीबद्ध बड़ी कंपनियों में एक बड़ी संख्या उनकी है जिन्होंने चुनावी बॉन्ड के जरिये चंदा नहीं दिया। इनमें रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक, कोटक बैंक, टाटा मोटर्स, टाटा स्टील, टाइटन और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेस (टीसीएस), इन्फोसिस, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, विप्रो जैसी कंपनियां शामिल हैं। इस सूची में किसी भी बहुराष्ट्रीय कंपनी का नाम नहीं है और न ही निर्माण क्षेत्र की दिग्गज कंपनी लार्सन ऐंड टुब्रो दिखाई देती है। यह अलग बात है कि निर्माण क्षेत्र की कुछ कंपनियों ने चुनावी बॉन्ड के जरिये चंदा दिया है।एक और प्रश्न यह है कि जिन कंपनियों ने चंदा दिया है उन्होंने शेयरधारकों को इसकी स्पष्ट जानकारी दी है या नहीं? मौजूदा समय में बाजार नियामक और स्टॉक एक्सचेंज अधिक से अधिक पारदर्शिता पर जोर दे रहे हैं जिसे देखते हुए चंदा देने वाली कंपनियों को स्पष्टीकरण के साथ इससे जुड़ी जानकारी अनिवार्य रूप से अपने शेयरधारकों को देनी चाहिए।महिंद्रा ऐंड महिंद्रा, सिप्ला, भारती एयरटेल, पीरामल एंटरप्राइजेज जैसी बड़ी कंपनियों की वित्त वर्ष 2022-23 की सालाना रिपोर्ट का विश्लेषण करें तो इनमें चुनावी बॉन्ड का कहीं जिक्र नहीं है। वेदांत ने चंदे में दी रकम को अन्य व्यय' में दिखाया है मगर एक फुटनोट लिखा है जिससे यह पता चलता है कि रकम चुनावी बॉन्ड खरीदने पर खर्च की गई है।शेयरधारकों के समक्ष पूरी पारदर्शिता बरतना उन कंपनियों के मामले में और भी आवश्यक हो जाता है जो आरोपों या किसी जांच का सामना कर रही हैं। कई बड़ी कंपनियों के नाम चंदा देने वाली इकाइयों की सूची में नहीं हैं मगर दिलचस्प है कि सभी सूचीबद्ध दवा कंपनियां और कई अन्य गैर-सूचीबद्ध कंपनियां के नाम सूची में शामिल हैं।इनमें कई कंपनियां कर वंचना, खराब गुणवत्ता वाली दवाओं या अधिक कीमत वसूलने के लिए कार्रवाई (कुछ वाजिब तो कुछ कथित रूप से गैर-वाजिब) का सामना कर रही हैं।चुनावी बॉन्ड से चंदा देने वाले बड़े नामों में दिवीज लैबोरेट्रीज (55 करोड़ रुपये), सिप्ला (39.20 करोड़ रुपये), एल्केम लैबोरेटरीज (15 करोड़ रुपये), डॉ. रेड्डीज (84 करोड़ रुपये), सन फार्मा और मैनकाइंड फार्मा (24 करोड़ रुपये) शामिल हैं। इनमें किसी भी कंपनी ने चुनावी बॉन्ड के बारे में अपने शेयरधारकों के समक्ष बड़े खुलासे नहीं किए हैं।चुनावी बॉन्ड के गहन विश्लेषण से पता चलता है कि कंपनियां डर या किसी तरह के फायदे-प्रोत्साहन (ठेका, परियोजना या ऑर्डर मिलने में सहूलियत) के लिए चंदा दे रही हैं। इसमें कोई शक नहीं कि राजनीतिक दलों और कंपनियों के बीच अव्यवस्थित बातचीत की वजह से यह आसानी से पता नहीं चलता कि चंदा दबाव या प्रोत्साहन के कारण दिया गया है।कारण जो भी हो किसी भी सूरत में शेयरधारक और नागरिक दोनों ही अंधेरे में रखे जाते हैं। उदाहरण के लिए सरकार के पूंजीगत व्यय पर विचार करते हैं। केंद्र सरकार सड़क, पुल, स्वच्छता, पेयजल, रेल आधुनिकीकरण और ऊर्जा पर भारी भरकम पूंजीगत व्यय कर रही है। इन परियोजनाओं के लिए बोली प्रक्रिया कुछ निश्चित मानदंडों पर आधारित होती हैं मगर सदैव इनका अनुपालन नहीं होता है।कंपनियां पूंजी के रूप में बड़े पैमाने पर नकद रकम का इस्तेमाल भी करती हैं। मेघा इंजीनियरिंग (1,200 करोड़ रुपये) की अगुआई में पिची रेड्डी की चार कंपनियां इस सूची में दूसरी सबसे बड़ी दाता के रूप में सामने आई हैं। ऐसी खबरें हैं कि मेघा इंजीनियरिंग ने कई मौकों पर चुनावी बॉन्ड खरीदे हैं। ये सभी बड़ी परियोजनाओं का ठेका लेने से ठीक पहले खरीदे गए हैं।सूची में निर्माण क्षेत्र की एक अन्य बड़ी कंपनी बी जी शिरके कंस्ट्रक्शन ने चुनावी बॉन्ड खरीद कर 117 करोड़ रुपये दान में दिए। कंपनी को महाराष्ट्र में एक बड़ी सस्ती आवास परियोजना और दूसरे सौदे प्राप्त हुए। तो खुलासे को लेकर क्या किया जा सकता है, कम से कम सूचीबद्ध कंपनियों के मामले में? आईएफबी एग्रो ने अपनी सालाना रिपोर्ट 2022-23 में पूरी पारदर्शिता बरती है।ऐसे उदाहरण यदा-कदा ही मिलते हैं। कंपनी ने कहा है, कारोबार को लगातार कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। पहले भी इसका उल्लेख किया गया है। कारोबार में निरंतरता बनाए रखने और सभी शेयरधारकों के हितों की रक्षा के लिए कंपनी ने इस साल चुनावी बॉन्ड खरीदने पर 18.30 करोड़ रुपये खर्च किए। कंपनी ने अप्रैल 2023 में चुनावी बॉन्ड खरीदने पर 15 करोड़ रुपये और खर्च किए। कुल मिलाकर 2021 से आईएफबी एग्रो ने चुनावी बॉन्ड के मद में 92 करोड़ रुपये दिए हैं।आईएफबी एग्रो पश्चिम बंगाल में परिचालन करती है। पश्चिम बंगाल में राजनीतिक रूप से ताकतवर लोगों का समूह कारोबारी गतिविधियों को अपनी मर्जी के अनुसार चलाता है। इनमें कर्मचारियों की नियुक्ति, ठेकेदार और आपूर्तिकर्ताओं का चयन और नियमित भुगतान संग्रह आदि शामिल हैं। 26 जून 2020 को और फिर 22 दिसंबर 2020 को आईएफबी एग्रो ने स्टॉक एक्सचेंज को बताया कि 24 परगना जिले में इसकी डिस्टलरी पर लगभग 150 गुंडों ने हमला किया था।उन्होंने डिस्टिलरी को जबरन बंद करा दिया, कर्मचारियों को पीटा और उन्हें बंधक बनाया। पुलिस से इस घटना की शिकायत की गई मगर कुछ नहीं हुआ। कंपनी ने कहा कि उसके एल्कोहल कारोबार को इसलिए नुकसान पहुंचाया गया क्योंकि वह कुछ उत्पाद कर अधिकारियों की अनुचित मांगों' के आगे नहीं झुकी।चूंकि, कंपनी की शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं की गई इसलिए आईएफबी एग्रो ने चंदा देने के कारण का सार्वजनिक रूप से खुलासा कर दिया। दूसरी सूचीबद्ध कंपनियां भी आईएफबी एग्रो की तरह साहस क्यों नहीं दिखा सकतीं? अगर सूचीबद्ध कंपनियां अपने कारण नहीं बताना चाहतीं तो उनके पास एक और विकल्प उपलब्ध है और वह है किरण मजूमदार शॉ की राह पर चलना।शॉ दो सूचीबद्ध कंपनियों (सिनजीन और बायोकॉन) का संचालन करती हैं। दोनों ही कंपनियों ने चुनावी बॉन्ड नहीं खरीदे हैं। मगर शॉ ने अपने व्यक्तिगत खाते से 6 करोड़ रुपये का चंदा दिया। प्रवर्तक-प्रबंधक स्वयं को करोड़ों रुपये वेतन के रूप में लेते हैं इसलिए उनके लिए व्यक्तिगत रूप से चंदा देना मुश्किल नहीं है। ऐसा कर वे शेयरधारकों की रकम तो बचाते ही हैं, साथ ही उन्हें अंधेरे में भी नहीं रखते हैं।

**यह निजी विचार है।**



# प्रकाश इंडस्ट्रीज लिमिटेड चांपा में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**जांजगीर-चांपा**

कलेक्टर एवं जिला निवार्चन अधिकारी श्री आकाश छिकारा के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ श्री गोकुल कुमार रावटे के मार्गदर्शन में आज प्रकाश इंडस्ट्रीज लिमिटेड, चांपा में कार्यरत श्रमिक बंधुओं के साथ मतदाता जागरूकता का कार्यक्रम आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शत प्रतिशत मतदान हेतु प्रेरित करते हुए समस्त श्रमिको को अनिवार्य रूप अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में मतदाता परिचय पत्र में आवश्यक संशोधन करने, नये सदस्य का नाम जोड़ने, मतदान के महत्व एवं मतदान दिवस में अपने मताधिकार का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने का आव्हान किया गया।

वोटर हेल्पलाईन एप के विषय में महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गई तथा समावेशी सुगम एवं सहभागी निर्वाचन के महत्व पर प्रकाश डाला गया।

### नुक्कड़ नाटक के माध्यम से किया मतदाताओं को जागरूक

कलेक्टर एवं जिला निवार्चन अधिकारी श्री आकाश छिकारा के निर्देशन में जिले में विभिन्न प्रकार की गतिविधियां संचालित की जा रही है। इसी तारतम्य में पीथमपुर मेले में हसदेव के हीरो (युवा वालिंटियर्स) द्वारा मेला में आये नागरिकों को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदान का महत्व को बताया और उन्हे मतदान करने हेतु प्रेरित कर जागरूक किया गया।









# मतदाताओं को जागरूक करने राशन दुकानों में चला मतदाता जागरूकता अभियान, दिलाई शत प्रतिशत मतदान करने की शपथ

**जांजगीर-चांपा**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आकाश छिकारा के निर्देशन पर जिले में स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत ''कोसा कांसा कंचन वोट करेगा जन-जन'' के तहत जिले में लगातार मतदाता जागरूकता से संबंधित गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। स्वीप के तहत मतदान को लेकर वोटरों को जागरूक करने की मुहिम को जिला प्रशासन लगातार आगे बढ़ाने का प्रयास कर रहा है। गांव-गांव में मतदाताओं में उत्साह बढ़ाने के लिए सभी राशन की दुकान पर प्रचार प्रचार किया जा रहा है। इसके लिए जिला खाद्य विभाग को इसकी जिम्मेदारी सौंपी गई है। राशन लेने आने वाले उपभोक्ताओं को शत-प्रतिशत मतदान के लिए उन्हें प्रेरित किया जा रहा है और मतदाता जागरूकता रैली निकालने के साथ शपथ भी दिलाई जा रही है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आकाश छिकारा ने कहा है कि हर व्यक्ति को आभास होना चाहिए कि लोकतंत्र की मजबूती एवं स्वस्थ जनतंत्र में उसका महत्व है। कर्तव्य है कि मतदान के अवसर पर अपने मताधिकार का प्रयोग करें। जिले का कोई भी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने से वंचित न रहने पाए। जिले में सभी शासकीय उचित मूल्य दुकानों मे राशन कार्डधारी परिवार के सदस्यों को प्रेरित करते हुए निर्वाचन से संबंधित जानकारी से अवगत कराया जा रहा है। इस दौरान राशन लेने आये नागरिकों को शत प्रतिशत मतदान करने की शपथ भी दिलाई जा रही है। जनपद पंचायत पामगढ़ के ग्राम पंचायत मेकरी, ससहा, राहौद, मेंहदी, चुरतेला, नगर पंचायत शिवरीनारायण, जनपद पंचायत नवागढ़ के ग्राम पंचायत के शासकीय उचित मूल्य दुकान अमोरा, मेहंदा, बरबसपुर, धुरकोट, नेंगुरडीह, पीथमपुर, कामता, पुटपुरा, सेंदरी, पेण्ड्री, सुकली, जनपद पंचायत अकलतरा के ग्राम पंचायत के ग्राम पंचायत अर्जुनी, बरगवां, जनपद पंचायत बलौदा के ग्राम पंचायत जाटा, करमंदा, परसदा, भिलाई, ढोरला, बालपुर, औराईकला, बुड़गहन, मड़वा, सोनबरसा, पहरिया, पुरेना सहित विभिन्न ग्राम पंचायतों के शासकीय उचित मूल्य दुकान में मतदान जागरूकता हेतु शपथ लिया गया। इसके साथ ही चांपा में भोजपुर, वार्ड क्रमांक 25, वार्ड क्रमांक 13 सहित विभिन्न शासकीय उचित मूल्य दुकानों जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया।










# आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत पीठासीन अधिकारियों एवं मतदान दल का प्रथम प्रशिक्षण संपन्न





**जांजगीर-चांपा संवाददाता।**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आकाश छिकारा के निर्देशन में आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत पीठासीन अधिकारियों एवं मतदान दल का प्रथम प्रशिक्षण 01 से 04 अप्रैल तक आयोजित किया गया। इसी तारतम्य में यह प्रशिक्षण स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बलौदा, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जांजगीर क्रमांक 01, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पामगढ़, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय अकलतरा एवं स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सारागांव में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में सभी प्रशिक्षणार्थियों को ईवीएम और वीवीपैट, बैलेट यूनिट मशीन की गतिविधियों को संचालित कराया गया। लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत मतदान दलों को प्रोजेक्टर के माध्यम से व्यवस्थित तरीके से प्रशिक्षण दिया गया। मतदान सामग्री, ईवीएम, मतदाता सूची, मतदान केन्द्र से संबंधित आवश्यक तैयारी, मॉक पोल, सीआरसी करना, मशीन सील करना एवं क्लोज करना तथा पत्रक पर हस्ताक्षर करने सहित बारीकी से प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कलेक्टर सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारियों ने मतदान दल प्रशिक्षण का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके साथ ही सभी प्रशिक्षण केन्द्रो में शत प्रतिशत मतदान हेतु शपथ भी दिलाई जा रही है।



निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण के संबंध में बैठक आयोजित


# मेडिकल प्रतिष्ठानों में अनियमितता पाए जाने पर लाइसेंस निलंबित

## नाइट्रोसन टेबलेट का अवैध कारोबार करने पर फर्म निधि मेडिकल स्टोर्स बलौदा लाइसेंस निरस्त

**जांजगीर-चांपा** उपसंचालक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन, जिला जांजगीर चांपा छ.ग. द्वारा नशीली दवाओं के अवैध रूप से कय विक्रय करने की मौखिक शिकायत के आधार पर फर्म निधि मेडिकल स्टोर्स, बलौदा का औषधि निरीक्षको द्वारा जांच करने पर पाया गया कि इनके द्वारा मेडिकल स्टोर्स की आड़ में, लगभग 16400 नाइट्रोसन टेबलेट का अवैध कारोबार किया गया।

जिसके आधार पर उक्त मेडिकल स्टोर्स का लाइसेंस निरस्त किया गया है। साथ ही इनके विरूद्ध न्यायालयीन कार्यवाही हेतु अनुमति बाबत् उच्च अधिकारीयों को पत्र प्रेषित किया जाएगा। इसके साथ ही विभन्न मेडिकल प्रतिष्ठानों में निरीक्षण के दौरान पाई गई अनियमितताओं के आधार पर प्रतिष्ठानों को नोटिस जारी किया। जिसके जवाब का अवलोकन करने के पश्चात् गुण दोष के आधार पर उक्त प्रतिष्ठानों का लाइसेंस 05 से 15 दिवस के लिए निलंबित किया गया है।

सहायक औषधि नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने बताया कि मेसर्स समर मेडिकोज, ब्लॉक बम्हनीडीह 10 दिवस, दिशा मेडिकल स्टोर्स ब्लॉक बलौदा, 10 दिवस, मेसर्स विश्वास मेडिकल स्टोर्स ब्लॉक अकलतरा, 15 दिवस, चन्द्र प्रकाश मेडिकल स्टोर्स ब्लॉक बम्हनीडीह 05 दिवस, अरोरा मेडिकल स्टोर्स अकलतरा 07 दिवस, मयंक मेडिकल स्टोर्स ब्लॉक अकलतरा 03 दिवस, मेसर्स श्री धनवतरी जनेरिक मेडिकल स्टोर्स ब्लॉक बम्हनीडीह, 07 दिवस, स्वस्थ्य मेडिकल स्टोर्स, सक्ती, 07 दिवस, मनसा मेडिकल स्टोर्स, ब्लॉक पामगढ़ 03 दिवस, मेडिकल जोन ब्लॉक नवागढ़, 10 दिवस, आर्शीवाद मेडिकल स्टोर्स जैजेपुर 05 दिवस, विवेक मेडिकल स्टोर्स, ब्लॉक पामगढ़ 05 दिवस, ओम मेडिकल स्टोर्स ब्लॉक नवागढ़ 03 दिवस, जमुना मेडिकोस, ब्लॉक अकलतरा 03 दिवस एवं जानकी मेडिकल स्टोर्स, ब्लॉक जैजेपुर, 05 दिवस के लिए लाइसेंस निलंबित किया गया है।



### निर्वाचन प्रशिक्षण में अनुपस्थित 31 कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी

**जांजगीर-चांपा** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आकाश छिकारा के निर्देशन में आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत पीठासीन अधिकारियों एवं मतदान दल का प्रथम प्रशिक्षण 01 से 04 अप्रैल तक आयोजित किया जा रहा है। 3 अप्रैल को आयोजित मतदान दल के प्रशिक्षण में 31 अनुपस्थित कर्मचारी पाए गए। प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय क्रमांक 01 जांजगीर में 14, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय अकलतरा में 07 एवं स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सारागांव में 10 कर्मचारी पाए गए। कुल 31 संबंधित अधिकारी, कर्मचारी को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए गए है।

### कक्षा 12 वीं की इतिहास एवं वाणिज्य विषय की ओपन परीक्षा संपन्न

**जांजगीर-चांपा** 4/ जिले में संचालित हाई स्कूल, हायर सेकेण्डरी स्कूल ओपन परीक्षा 2023-24 हेतु आज कक्षा 12 वीं की इतिहास एवं वाणिज्य विषय की परीक्षा सुचारू रूप से संपन्न हुई। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि कक्षा 12 वीं की इतिहास एवं वाणिज्य विषय की परीक्षा में कुल पंजीकृत 864 में से 796 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए। परीक्षा में 68 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहें।

# हिंदू नववर्ष की तैयारियां: बंगाल से आएंगी महिला ढाकी दल

## रोशनी से चकाचैंध हो रहे शहर के चैक-चैराहे, भव्य शोभायात्रा का होगा आयोजन




कोरबा, 04 अप्रैल (आरएनएस)। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा हिंदू नववर्ष को धूमधाम से मनाने के लिए शहर में इन दिनों जोर शोर से तैयारियां चल रही। नौ मार्च को निकलने वाली भव्य शोभायात्रा मुख्य आकर्षण का केंद्र होगा। जिसमें रामधुन में नाचते हुए बाहुबली हनुमान, काली का रौद्र रूप, बंगाल की महिला ढाकी दल, दिल्ली से शिव अघोरी दल जैसी झांकियां शोभायात्रा की शोभा बढ़ाएंगी। आयोजन को मूर्तरूप देने में बड़ी संख्या में सर्व हिंदू समाज के लोग शामिल होकर सहयोग कर रहे हैं। शहर का मुख्य मार्ग और चैक चैराहे रोशनी से जगमगा उठे हैं। अभूतपूर्व शोभा यात्रा को देखने लिए लोगों की लालसा अब चरम पर पहुंच गई है। हिंदू नववर्ष का भव्यता के साथ स्वागत सत्कार करने के लिए इस बार भव्य शोभायात्रा का आयोजन जिले में भर में चर्चा का विषय बना हुआ है। जात-पात, राजनीति, छोटे-बड़े के भेद को भुलाकर समग्र हिंदुओं को एकजुटता के सूत्र में बांधने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में हिंदू धर्मावलंबियों में बढ़ चढ़ कर उत्साह देखा जा रहा है।

आयोजन समिति व हिंदू क्रांति सेना के जिला अध्यक्ष राहुल चैधरी ने बताया कि शोभायात्रा सीतामढ़ी स्थित श्री राम-जानकी मंदिर में भव्य पूजा-अर्चना उपरांत प्रारंभ नौ अप्रैल मंगलवार को तीन बजे से शुरू होगी। उसके बाद सीतामढ़ी, पुराना बस स्टैंड, रेलवे क्रासिंग, पावर रोड होते हुए ट्रांसपोर्ट नगर चैक से होकर नया बस स्टैंड पहुंचकर शोभायात्रा का समापन होगा। इस दौरान रास्ते भर प्रसाद एवं भोग का वितरण किया जाता रहेगा। समिति अध्यक्ष राहुल चैधरी ने सभी समाज से कहा है कि नौ अप्रैल को समय निकाल कर भव्य शोभायात्रा के आयोजन में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें। हिंदू नववर्ष पर एक ओर हिंदू क्रांति सेना की झांकी का आकर्षण केंद्र रहेगा वहीं दूसरी बजरंगदल की ओर से भी भव्य झांकियां निकाली जाएंगी। दल के जिला संयोजक राणा मुखर्जी ने बताया कि हिंदू नववर्ष झांकी दोपहर को कोसाबाड़ी चैक हनुमान मंदिर निकाली जाएगी। सुभाष चैक से घंटाघर होते हुए शोभाया सीएइबी चैक पहुंचेगी। शोभायात्रा में लेजर शो, शंखनाद दल की अगवानी में निकलने वाली शोभायात्रा में केरला का लोक नृत्य आकर्षण का केंद्र रहेगा। हिंदू एकता और सौहर्द्रता के उद्देश्य से आयोजित कार्यक्रम की तैयारी में विश्व हिंदू परिषद का योगदान है। शोभायात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा से स्वागत किया जाएगा। ड्रोन कैमरा के माध्यम आकाश से पुष्प वर्षा विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा। ड्रोन कैमरा के माध्यम से उड़ते हनुमान भी आकर्षण के केंद्र होंगे। व्यापारी व सामाजिक संगठनों के द्वारा शोभायात्रा में शामिल लोगों के लिए स्वल्पाहार, शरबत-पानी आदि की व्यवस्था की जाएगी। राहुल चैधरी ने बताया कि शोभा यात्रा लिए कोरबा शहर को भगवान श्रीराम के लाइटिंग कट आउट, झंडे तोरन एवं लाईट एवं झालर से सजाया जा रहा है।

## पुलिस ने किया चार सटोरियों को गिरफ्तार

जांजगीर-नवागढ़, जिले में जुआ/सट्टा खिलाने वालो के विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में चांपा पुलिस ने सट्टा खिलाने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 5200 रूपया और 04 मोबाईल बरामद किया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, थाना चाम्पा/सायबर टीम जांजगीर पुलिस को मुखबीर सूचना मिली कि थाना चाम्पा क्षेत्र में कुछ लोग आईपीएल क्रिकेट मैच पर सट्टा नामक जुआ खेलाते है। सूचना पर रेड कार्यवाही किया गया, थाना चांपा क्षेत्र के अलग-अलग जगहो से सट्टा खिलाने वाले आरोपी (01) चुड़ामणि देवांगन उम्र 19 साल निवासी देवांगन मोहल्ला चाम्पा (02) विपिन कुमार देवांगन उम्र 31 साल निवासी संतोषी मोहल्ला देवांगन पारा चाम्पा (03) युवराज देवांगन उम्र 31 साल निवासी देवागन पारा चाम्पा (04) आकाश गुप्ता उम्र 36 साल निवासी सम्लाई मंदिर के पास चाम्पा सट्टा खिलाते मिला। आरोपियों के कब्जे से जुमला 5200 / रूपया एवं 04 नग मोबाईल बरामद कर आरोपियों के विरूद्ध थाना चाम्पा में अपराध क्रमांक 165/2024 धारा 7 छ.ग. जुआ अधिनियम के तहत पंजीबद्ध किया गया।

## संतोष पांडेय के नामांकन में शामिल हुए सीएम



**राजनांदगांव-रायपुर,** । आज राजनांदगांव में भाजपा प्रत्याशी संतोष पाण्डेय के नामांकन में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय शामिल हुये। इस अवसर पर संतोष पांडेय सहित उप मुख्यमंत्री अरुण साव, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, पूर्व सांसद मधुसूदन यादव साथ थे। आज दोपहर रायपुर से राजनांदगांव पहुंचे विष्णु देव साय भाजपा नेताओं के साथ जिला कलेक्ट्रेट पहुंचे और वहां संतोष पाण्डेय ने अपना नामांकन दाखिल किया। सीएम साय ने कहा कि संतोष पांडेय ने एक ऊर्जावान सांसद के रूप में संसद में सदैव आम जनता के पक्ष को रखा है। उन्होंने अपने संसदीय क्षेत्र के हितों की कभी उपेक्षा नहीं की। निश्चित रूप से यहां की आम जनता संतोष पांडेय को संसदीय क्षेत्र का पुनः नेतृत्व देगी और संतोष पांडेय नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार के साथ मिलकर राजनांदगांव का चहुँमुखी विकास करेंगे।

## अज्ञात वाहन से दुर्घटना होने पर मृतक के आश्रितों को मिलेगा 2 लाख

रायपुर, 04 अप्रैल (आरएनएस)। राज्य के अंदर अज्ञात वाहन से दुर्घटना होने पर मृतक के आश्रितों को 2 लाख तथा घायलों को 50 हजार रुपए मुआवजा दिए जाने की योजना है। इस योजना के प्रति लोगों को जागरुक करने एसएसपी संतोष सिंह ने सभी टीआई को पत्र लिखा है।

सड़क यातायात और राजमार्ग मंत्रालय ने 25 फरवरी 2022 को हिट-एंड-रन वाहन दुर्घटना के पीड़ितों के मुआवजे के लिए एक नई योजना को अधिसूचित किया है. इस योजना के तहत मुआवजे की धनराशि बढ़ाने, यानी गंभीर रूप से घायल होने पर मुआवजे की राशि को 10000 रुपये से बढ़कर 50 हजार रुपये और मृत्यु होने की स्थिति में मुआवजा राशि 50 हजार रुपए से बढ़ाकर दो लाख रुपये करने का प्रावधान किया गया। सबसे पहले पुलिस को घटना की सूचना दें और इसके बाद इंश्योरेंस कंपनी से संपर्क करें. इसके बाद पुलिस घटना का मुआयना करती है और 30 दिनों के भीतर अपनी रिपोर्ट मोटर एक्सीडेंट ट्राइब्यूनल को भेजती है. रिपोर्ट के आधार पर ही इंश्योरेंस कंपनी मुआवजे की रकम तय करती है. यदि किसी स्थिति में व्यक्ति मुआवजे से संतुष्ट नहीं है तो वह ट्राइब्यूनल में अपील कर सकता है।

## घर के बाहर खड़ी बाइक पार

रायपुर, 04 अप्रैल (आरएनएस)। अनंत विहार कालोनी दलदल सिवनी पंडरी में घर के बाहर खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दी। प्रार्थी की शिकायत पर मोवा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी ए.श्रीनिवास राव 54 वर्ष अनंत विहार कालोनी दलदल सिवनी का रहने वाला है। बताया जाता है कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 केक्यू 9346 को घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 15 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर मोवा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## तीन वाहन चालक के खिलाफ पुलिस ने की कार्रवाई

रायपुर, 04 अप्रैल (आरएनएस)। धरसींवा पुलिस ने एनएच 30 रायपुर-बिलासपुर मार्ग में ट्रक खड़ी कर आवागमन में बाधा पहुंचाने वाले तीन वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की है।

मिली जानकारी के अनुसार धरसींवा पुलिस ने रायपुर-बिलासपुर मार्ग स्थित एनएच 30 में खड़ी ट्रक क्रमांक सीजी 04 एमसी 6490 के चालक, सीजी 04 एमक्यू 9790 के चालक व ट्रक क्रमांक सीजी 04 जेए 9233 के चालक के खिलाफ धारा 283 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## एसइसीएल खदान से डीजल चोरी करने वाले 6 आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

कोरबा, 04 अप्रैल (आरएनएस)। जिले के दीपका थाना पुलिस के टीम ने गेवरा स्थित एसईसीएल खदान से डीजल चोरी करने वाले 6 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने आरोपियों के पास से पिकअप वाहन और दो ड्रमों में भरे 400 लीटर डीजल जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को लगातार डीजल चोरी की सूचना मिल रही थी। जिससे पुलिस के टीम आरोपियों की पतासाजी कर रही थी। तभी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी कौशल कुमार 26 वर्ष निवासी गोपालपुर, दुर्गेश कुमार 19 वर्ष निवासी मुढाली, भूपेन्द्र कश्यप 24 वर्ष निवासी चैतमा, प्यारे सिंह 38 वर्ष निवासी विजय नगर थाना दीपका, प्रदीप भगत 36 वर्ष निवासी झाबर व संतोष कुमार 29 वर्ष निवासी ऊर्जा नगर थाना दीपका को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से पिकअप वाहन और दो ड्रमों में भरे 400 लीटर डीजल जब्त किया है।

## मध्यप्रदेश के 3 स्थाई वारंट गिरफ्तार

कोरबा, जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर बेसिक पुलिसिंग के तहत जिले में शांति व्यवस्था एवं अपराध नियंत्रण के लिए फरार वारंटियों के खिलाफ विशेष अभियान के निर्देश दिया गया। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यूबीएस चौहान एवं नेहा वर्मा के पर्यवेक्षण में जिले के सभी राजपत्रित अधिकारी थाना प्रभारी के द्वारा कार्यवाही किया गया है। जिससे थाना उरगा, पाली और चौकी चैतमा के द्वारा मध्य प्रदेश के फ़रार 03 स्थाई वारंटी को गिरफ्तार कर थाना चचाई, जैतपुर एवं जैतहरी की पुलिस को सुपुर्द किया गया। ज्ञात हो कि कोरबा पुलिस के द्वारा फरार वारंटी के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है।

## सड़क हादसे में स्कूटी सवार महिला की मौत

कोरबा,सड़क हादसे में एक स्कूटी सवार महिला की मौत मौके पर हो गई। तेज रफ्तार के ट्रेलर की टक्कर से हादसा हुआ। स्कुटी में पीछे बैठी महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे उपचारार्थ चिकित्सालय में भर्ती कराया गया हैं। ट्रेलर का चालक मौके से फरार हो गया। जानकारी के मुताबिक कोरबा चांपा मुख्य मार्ग बरपाली के पास हादसा हुआ है। एक सप्ताह में यह दूसरी घटना है। बताया जा रहा है कि स्कूटी सवार 2 महिलाएं चांपा से कोरबा की तरफ आ रही थीं।

# मुख्यमंत्री राजनांदगांव और बिलासपुर दौरे किए



**रायपुर,** प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज गुरूवार को राजनांदगांव और बिलासपुर दौरे पर रहेंगें। वे राजनांदगांव और बिलासपुर जिले के दौरे पर जाएंगे। सीएम साय रायपुर से 12 बजे रवाना होंगे और राजनांदगांव में नामांकन रैली में शामिल होंगे। जिसके बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय दोपहर 3 बजे बिलासपुर जिले के लिए रवाना होंगे। यहां सीएम कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। जिसके बाद शाम 5 बजे वापस रायपुर लौट आएंगे। मुहुर्त वाला नामांकन दाखिल कर चुके भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे चार अप्रैल को नामांकन रैली निकालने जा रहे हैं। रैली में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, छत्तीसगढ़ प्रभारी नितिन नवीन के अलावा राज्य के कई मंत्री भी शामिल होंगे। उसके दो दिन बाद यानी छह अप्रैल को कवर्धा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की सभा होगी। गृह मंत्री विजय शर्मा ने प्रेसवार्ता में भाजपा के चुनावी कार्यक्रमों की जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे चार मार्च को नामांकन भरेंगे। इसके लिए लखोली नाका के समीप शिवनाथ वाटिका में आमसभा होगी। वहीं से रैली निकलेगी। रैली में प्रदेश भाजपा प्रभारी नितिन नवीन, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव के साथ मंत्रिमंडल के अनेक सदस्य व प्रदेश के वरिष्ठ पदाधिकारी भी रैली-सभा में शामिल होंगे।

## नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत के खिलाफ चुनाव आयोग में भाजपा ने कराई शिकायत दर्ज



रायपुर। नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत के मोदी को लाठी मारने वाले बयान पर प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवात्सव के नेतृत्व में भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग कार्यालय में शिकायत दर्ज की। इस दौरान प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी, सूचना का अधिकार प्रकोष्ठ के प्रदेश सयोजक विजय शंकर मिश्रा, पूर्व राज्य सूचना आयुक्त मोहन पवार मौजूद रहे। बता दें कि राजनांदगांव में मंगलवार को जनसभा को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत ने कहा कि हमें सिर फेड़ने वाला आदमी चाहिए। रात-दिन तंग करके चीन भेजने वाला आदमी चाहिए। उन्होंने यह सारी बातें पीएम मोदी को लेकर कही। इस दौरान प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी मंच पर मौजूद थे। अब इस बयान को लेकर प्रदेश में जमकर सियासत हो रही है। वही इस बयान को लेकर भाजापाईयों ने गुरूवार को अपने हाथों में मुझे पहले लाठी मारो का पोस्टर लेकर महंत के बंगले का घेराव किया तथा जमकर प्रदर्शन किया।

# कुसमुंडा मार्ग के किनारे पलटा खाली ट्रेलर, बाल-बाल बचा चालक

**कोरबा,** कुसमुंडा क्षेत्र में तमाम व्यवस्थाओं के बावजूद भारी वाहन चालकों की मनमानी कम नहीं हो रही, खदान प्रवेश से लेकर कांटा, लोडिंग, और फिर खदान से बाहर निकलने की जल्दबाजी ना सिर्फ आम लोगों बल्कि स्वयं के वाहन के साथ भी दुर्घटनाओं को अंजाम देने से नहीं चूक रहें हैं। घटनाक्रम कुसमुंडा थाना चैक का है जहां बुधवार की सुबह कुसमुंडा खदान प्रवेश करने की जल्दबाजी में एक खाली ट्रेलर थाना चैक पार कर पानी निकासी के लिए बनाए गए नाले में गिर गया, वहीं उसका पिछला हिस्सा चालू बिजली के बड़े से पोल में जा टिका, खंबा नही होता तो थाने परिसर की दीवार को तोड़ते हुए सीधे थाने में चली जाती। घटनाक्रम में अच्छी बात यह रही कि आपाधापी में किसी को चोट नहीं लगी। ना ही बिजली पोल को नुकसान हुआ है, वरन चालू बिजली की पोल गिरती तो बड़ा हादसा हो सकता था।


बताना होगा कि थाना चैक में आमजनो की आवाजाही निरंतर बनी रहती है, ऐसे में यहां गेवरा टीपर रोड की ओर से खदान प्रवेश करने एक दिशा में चार से पांच ट्रेलरों की लाइन वहीं रेल्वे फाटक पार कर थाना चैक पर ही तीन से चार ट्रेलरों की लाइन लगी रहती है, ऐसे में दुपहिया अथवा हल्के वाहनों में चलने वाले आम लोगों का यहां से पार होना मुश्किल हो जाता हैं। स्थिति को देखते हुए कुसमुंडा प्रबंधन के रोड सेल विभाग द्वारा थाना चैक में भारी वाहनों को व्यवस्थित करने कंक्रीट के भारी स्लैब लगाने की व्यवस्था की गई है, जिसमें गेवरा टीपर मार्ग की ओर से कुसमुंडा खदान प्रवेश करने वाले ट्रेलर एक या दो की ही लाइन लगा सकेंगे। तमाम तरह की व्यवस्थाओं के बावजूद घटनाक्रम यह बता रही है की ट्रेलर चालक अपनी मनमानी से बाज नहीं आ रहे।

## ऑनलाइन सट्टा खेलने के आरोप में दो कथित आरोपियों को पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा

कोरबा, कोरबा जिले में सभी किस्म के अवैध कारोबार पर प्रभावी नियंत्रण हेतु कोरबा जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के अवैध शराब, गांजा, जुआ, सट्टा पर कार्यवाही के निर्देश प्राप्त हुआ। पुलिस टीम के द्वारा लगातार सट्टा खेलने वाले एवं खिलाने वाले के ऊपर कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में सायबर सेल कोरबा एवं पुलिस टीम को सूचना मिली कि कोरबा शहर के शराब दुकान में आईपीएल में सट्टा खेला जा रहा है। उनके द्वारा अपने मोबाइल में ऑनलाइन रूपए पैसे का दांव लगाकर हार-जीत का जुआ सट्टा खेल रहे है कि सूचना पर साइबर सेल कोरबा एवं सिविल लाइन रामपुर पुलिस की एक विशेष टीम बनाकर रामपुर भट्टी एवं मानिकपुर बाईपास रोड के पास शराब दुकान में टीम के द्वारा घटना स्थल पहुंचकर घेराबंदी कर मुखबीर द्वारा बताए गये देसी शराब दुकान के पास रामपुर में एक कथित आरोपी को पकड़ा, जिसके कब्जे से एक मोबाइल फोन को चेक करने पर ळव्स्क24च्त्व् नामक ऑनलाइन सट्टा आईडी बनाकर रूपए पैसे का दांव लगाकर सट्टा खेलते हुए मिला इस संबंध में पूछताछ किया गया उसने सट्टा खेलना स्वीकार किया।इसी क्रम में सूचना पर सायबर सेल कोरबा एवं मानिकपुर पुलिस टीम के द्वारा मानिकपुर स्थित बायपास रोड शराब दुकान के पास एक व्यक्ति के कब्जे से एक मोबाइल फोन को चेक करने परै।

# कलेक्टर एवं रिटर्निंग अधिकारी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों

### नाम निर्देशन की अंतिम तिथि आज अधिक संख्या में नाम निर्देशन पत्र प्राप्त होने की संभावना को देखते हुए कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए की गई आवश्यक व्यवस्था




**राजनांदगांव,** कलेक्टर एवं रिटर्निंग अधिकारी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6-राजनांदगांव श्री संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने, संवीक्षा तथा नाम वापसी के संबंध में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों, पुलिस तथा प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने कहा कि संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6-राजनांदगांव से निर्वाचन के लिए नाम निर्देशन की अंतिम तिथि 4 अप्रैल 2024 है। ऐसे में अधिक संख्या में नाम निर्देशन पत्र प्राप्त होने की संभावना को देखते हुए कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक व्यवस्था की गई है। नाम निर्देशन पत्र जमा करने हेतु आने वाले अभ्यर्थियों के लिए प्रवेश का मार्ग कार्यालय कलेक्टर के मुख्यालय से होकर वित्त शाखा के सामने से आकर न्यायालय कलेक्टर के कक्ष में नामांकन दाखिल कर सकेंगे। अत्यधिक संख्या में एक ही समय पर अभ्यर्थियों एवं उनके प्रस्तावकों के एकत्रित होने से नाम निर्देशन कक्ष में स्थान के अभाव की संभावना है। इसलिए न्यायालय कक्ष में स्थान की कमी को देखते हुए वित्त शाखा के सामने से लेकर सभाकक्ष के मुख्य द्वार तक एवं सभाकक्ष से न्यायालय कलेक्टर के कक्ष के सामने स्थित कॉरिडोर में अभ्यर्थी एवं उनके प्रस्तावक बैठेंगे। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि अपरान्ह 3 बजे तक वित्त शाखा के सामने स्थित कॉरीडोर में प्रवेश करने वाले अभ्यर्थियों एवं प्रस्तावकों को प्रवेश कर लेने की स्थिति में नाम निर्देशन पत्र जमा करने की अनुमति होगी। ऐसी अभ्यर्थी जो अपरान्ह 3 बजे के बाद आयेंगे, उन्हें नाम निर्देशन कक्ष में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। अभ्यर्थी स्वयं अथवा उसके प्रस्तावक नाम निर्देशन पत्र जमा कर सकते हैं।

## निजी स्कूलों के मनमानी फीस बढ़ोतरी पर रोक लगाने की मांग

कोरबा, )। जिले में संचालित निजी विद्यालय द्वारा नये शिक्षा सत्र में मनमानी तरीके से 20 से 25ः तक स्कूल फीस में बढ़ोतरी कर दिया गया है जिसका कोरबा पेरेंट्स एसोसिएशन की ओर से विरोध करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया है। कोरबा पेरेंट्स एसोसिएशन ने छत्तीसगढ़ अशासकीय विद्यालय फीस विनियम अधिनियम 2020 का हवाला देते हुए कहा है कि बगैर कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी के अनुमति के किसी भी स्कूल में 8ः से ज्यादा फीस के बढ़ोतरी नहीं किया जा सकता है लेकिन कोरबा के निजी स्कूलों द्वारा मनमाने तरीके से पालकों से लूट करते हुए फीस में बढ़ोतरी किया गया है। अधिनियम के अनुसार कोई भी स्कूल 8ः से ज्यादा फीस में बढ़ोतरी नहीं कर सकता है लेकिन शहर के कुछ बड़े निजी स्कूल मनमानी करते हुए 20 से 25 परसेंट तक स्कूल फीस में बढ़ोतरी किए हैं। कोरबा पैरेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष नूतनसिंह ठाकुर ने जिला शिक्षा अधिकारी से मुलाकात कर अभिभावकों से फीस के नाम पर लूट को रोकने की मांग किया है। जिला शिक्षा अधिकारी को सौंपे गए ज्ञापन में नियम विरुद्ध तरीके से 8ः से ज्यादा फीस बढ़ाने वाले स्कूलों पर कार्रवाई की मांग किया है।

## रेलवे स्टेशन परिसर में नशीली दवाईयों के साथ दो आरोपी पकड़ाए

रायपुर, रेलवे स्टेशन के ऑटो स्टैंड के पास से जीआरपी ने बड़ी मात्रा में नशीली गोलियों के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के मुताबिक जीआरपी ने सहदेव बेनवा पिता भैयालाल बेनवा उम्र 31 वर्ष निवासी नगर उडिया बस्ती वार्ड नं 15 गुढियारी थाना गुढियारी रायपुर और अभिराम बाग पिता स्व. बुड्‌ढु बाग उम्र 29 वर्ष पता नगर उडिया बस्ती वार्ड नं 15 गुढियारी थाना गुढियारी रायपुर (छ.ग.) को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मुखबिर सूचना के आधार पर आटो स्टैण्ड झण्डा चबुतरा के पास रेल्वे स्टेशन रायपुर में आरोपी सहदेव बेनवा के पास से गोलियों के 5 डिब्बे मिले। सभी डिब्बा को खोलकर देखने पर एक डिब्बा में 143 कैप्सूल तथा चार डिब्बा में प्रत्येक में 144 कैप्सूल कुल 719 नग प्रतिबंधित नशीला कैप्सूल जप्त किया गया। वहीं आरोपी अभिराम बाग के पास से भी 144 कैप्सूल कुल 720 नग कैप्सूल मिला। मामले में दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है।

## संक्षिप्त खबरें...

### ट्रक के पहिए के नीचे आने से युवक की गई जान

**रायपुर।** डुमरतराई थोक मार्केट के पास एक तेज रफ्तार एक्टिवा चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए दूसरे एक्टिवा को टक्कर मार दिया। जिससे एक्टिवा चालक ट्रक के नीचे पहिए में आने से मौत हो गई। मामले में माना पुलिस ने एक्टिवा व ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार मृतक शुभम कुमार रजक 26 वर्ष कवर्धा का रहने वाला था। बबताया जाता है कि वह अपनी एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 एचवाई 1476 सो कहीं जा रहा था। तभी थोक मार्केट के पास डुमरतराई में एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 एचयू 7144 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए शुभम को ठोकर मार दिया। जिससे शुभम ट्रक क्रमांक सीजी 04 जेक्सी 4721 के पहिए के नीचे आ गया और उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने एक्टिवा और ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### युवक से मारपीट, मामला दर्ज

रायपुर, 04 अप्रैल (आरएनएस)। ग्राम असौंदा में घासीदापारा रंगमंच में पेसे के लेन-देन को लेकर तीन युवकों नरे एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर खरोरा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी राजेश कुमार बंजारे 32 वर्ष ग्राम असौंदा का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी आकाश बारले अपने दो अन्य साथियों के साथ प्रार्थी के पास आया और पैसे के लेन-देन को लेकर प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर खरोरा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### दो सटोरिए चढ़े पुलिस के हत्थे

**रायपुर।** शहर के आमानाका और माना पुलिस ने ऑनलाइन सट्टा खिलाते दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से नकदी 4640 रुपए सहित मोबाइल और सट्टा-पट्टी जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार आमानाका पुलिस ने टाटीबंध बस्ती के पास ऑनलाइन सट्टा खिलाते आरोपी ओंकार साहू 32 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 1 मोबाइल, सट्टा-पट्टी का स्क्रीन शॉट जब्त किया है। वहीं माना पुलिस ने माना मोड़ के पास सट्टा खिलाते आरोपी चेलक पासी 25 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से सट्टा-पट्टी सहित नकदी 4640 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### सरेआम शराब पीते 30 गिरफ्तार

रायपुर, 04 अप्रैल (आरएनएस)। राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 30 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार मौदहापारा पुलिस ने पटवा कॉम्पलेक्स के पास सरेआम शराब पीते आरोपी किशन पोपटानी 40 वर्ष, मोवा पुलिस ने आरोपी डेनियल एक्का 37 वर्ष व हालेन्द्र साहू 32 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं राजेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी लक्ष्मण निषाद 34 वर्ष व प्रितम कुमार विश्वकर्मा 40 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह टिकरापारा पुलिस ने आरोपी ज्योतिश ग्वाल 28 वर्ष, खोगेश्वर बघेल 30 वर्ष, करण साहू 23 वर्ष व कुलेश्वर यादव 24 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं आजाद चौक पुलिस ने आरोपी गोलू रगडे 30 वर्ष व सिदार्थ भारती 24 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह गुढ़ियारी पुलिस ने आरोपी चेतन सिंह 35 वर्ष, डिगेश साहू 32 वर्ष, कोमल साहू 48 वर्ष व राजकुमार बिसेन 55 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं सिविल लाइन पुलिस ने आरोपी रोहित बाग 29 वर्ष एवं खमतराई पुलिस ने आरोपी छविलाल साहू 45 वर्ष, राजेंद्र कुमार साहू 53 वर्ष, शिव कुमार साव 45 वर्ष, जर्नादन गोड 47 वर्ष, शशिभूषण सिंह 39 वर्ष, टूकेश्वर प्रसाद 36 वर्ष, मुकेश मेश्राम 28 वर्ष, संदीप यादव 42 वर्ष व कमलेश साहू 38 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपी मुनेश्वर कुर्रे 29 वर्ष, गोबरानवापारा पुलिस ने आरोपी दीपक भोई 43 वर्ष एवं आरंग पुलिस ने आरोपी मिलेन्द्र निषाद 28 वर्ष व कुमार साहू 28 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं माना पुलिस ने आरोपी अतूल सहारे 34 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

### अवैध शराब बेचते दो कोचिया पकड़ाए

रायपुर, 04 अप्रैल (आरएनएस)। खरोरा एवं पुरानी बस्ती पुलिस ने अवैध शराब बेचते दो कोचिया को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से कुल 51 पाव देशी शराब व 260 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार खरोरा पुलिस ने छड़िया मार्ग ईर्ट भट्ठा के पास अवैध शराब के साथ आरोपी खिलेश्वर धीवर 22 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 19 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 150 रुपए जब्त किया है। वहीं पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपी निलेश यादव 40 वर्ष के पास से 32 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 110 रुपए जब्त किया है।

### चाकू व नशीली कैप्सूल के साथ दो गिरफ्तार

रायपुर। खमतराई पुलिस ने एक्टिवा सवार दो युवकों के पास से नशीली दवाई और खुखरीनुमा चाकू जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ने मुखबिर की सूचनरा पर संयासीपारा रेलवे अंडरब्रीज के पास एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 पीएफ 3450 सवार आरोपी विकाश नायक 23 वर्ष और रमेश देवदास 30 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

# डॉ. चरणदास महंत की सफाई डिप्टी अरुण साव ने किया खारिज

**रायपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ बयान देने के बाद नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत की सामने आई सफाई को डिप्टी सीएम अरुण साव ने खारिज कर दिया है. उन्होंने कहा कि सब लोगों ने बयान को स्पष्ट सुना है. उनकी भाषा बिल्कुल भी वाजिब नहीं है. यह छत्तीसगढ़ महतारी, छत्तीसगढ़ की संस्कृति और सभ्यता का अपमान है. दरअसल, ये जनता के बीच मुकाबला नहीं कर पा रहे हैं. जनता इनसे दूर जा चुकी है.

डिप्टी सीएम ने डॉ. चरणदास महंत के बयान के साथ पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव के बयान पर भी पलटवार किया है. उन्होंने कहा कि 5 सालों में राज्य की कांग्रेस सरकार ने क्या-क्या करनामे किए. कितने लोग जेल में हैं, कितने लोग बेल मे हैं,

कितने और लोग जेल जाने वाले हैं. ईडी की कितनी कार्यवाहियां हो रही है. पहले इस पर नजर डालें फिर टीएस सिंहदेव प्रतिक्रिया दें.





उप मुख्यमंत्री साव ने चरणदास महंत बयान को लेकर कहा कि राजनांदगांव में अराजकता फैलाने की कोशिश की जा रही है. राजनांदगांव के लोग बहुत समझदार हैं. इस तरह की कुटिल राजनीति में नहीं फसेंगे. राजनांदगांव के लोग नरेंद्र मोदी के साथ अडिग होकर खड़े हैं. राजनांदगांव में सब हथकंड़ों को दरकिनर करते हुए नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमत्री बनाने का योगदान करेंगे।

वहीं कांग्रेस अध्यक्ष खरगे के बयान पर अरुण साव ने कहा कि मोदी की गारंटी क्या होती है, और कैसे होती है, छतीसगढ़ वासियों से आकर पूछ लें, खड़गे जी. 100 दिन के अंदर हमने मोदी की गारंटी को पूरा किया है।

### संसदीय परंपरा का पूर्ण ज्ञान, छग की संस्कृति को नहीं समझने वाले गलत प्रचार कर रहे

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने अपने बयान को तोड़-मरोडकर प्रचारित-प्रसारित करने वालों को स्पष्ट किया है कि उन्हें छत्तीसगढ़ की रीति-नीति व संस्कृति का शायद ज्ञान नहीं है, इसलिए उनके सहज व विशुद्ध छत्तीसगढिया वाक्यों को गलत तरीके से प्रस्तुत किया जा रहा है। डॉ. महंत ने कहा कि मैं विशुद्ध रूप से छत्तीसगढियां संस्कृति में रचा-बसा हूं। छत्तीसगढ़ की भाषाशैली का उपयोग करते समय बीच-बीच में निर्धारित प्रयोग लक्षणा-व्यंजना में आने वाले शब्दों के साथ बात करता हूं। छत्तीसगढियों में एक प्रचलित वाक्य जैसे-लउठी धर के दउड़ा न..., मार न टूरा ला... जैसे कई वाक्य सहज रूप से उपयोग में लाए जाते हैं लेकिन जो लोग छत्तीसगढ़ की रीति-नीति, भाषा संस्कृति को नहीं समझते, ऐसे मीडिया प्रतिनिधियों के द्वारा गलत ढंग से प्रस्तुत किया जा रहा है।

डॉ. महंत ने कहा कि मुझे प्रधानमंत्री के पद और संसदीय परंपरा और गरिमा का पूरा ज्ञान है। मैं स्वयं 4 बार सांसद, 5 बार विधायक रहा और स्पीकर के साथ-साथ नेता प्रतिपक्ष होने के नाते संवैधानिक गरिमा का भी ख्याल है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से कईयों बार व्यक्तिगत मुलाकातें हुई है और वे मुझे भी व्यक्तिगत तौर पर जानते हैं। एक पढ़ा-लिखा आदमी गलत बयानबाजी कैसे कर सकता है। डॉ. महंत ने मोदी जी के साथ की एक फोटो साझा करते हुए कहा कि जब नरेन्द्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री हुआ करते थे और मैं भारत सरकार में केन्द्रीय कृषि राज्य मंत्री था तो उनके ही प्रदेश गुजरात के आणंद में आयोजित कार्यक्रम में काफी आत्मीयता से मुलाकात हुई।

### जाति-धर्म के नाम पर बांट रही भाजपा, विकास के नाम पर देश को विनाश की ओर ले जा रहे



कोरबा, 04 अप्रैल (आरएनएस)। कोरबा लोकसभा की सांसद व कांग्रेस प्रत्याशी ज्योत्सना चरणदास महंत ने आज पाली-तानाखार विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बोड़ानाला, चुहरापारा, सिरदौनपारा, मांझापारा, कुदरीपारा, घोघरापारा, मारगांव का सघन जनसंपर्क किया। इस दौरान उपस्थित ग्रामवासियों एवं क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सांसद ने कहा कि कांग्रेस की सरकार इस चुनाव में आप सबको बनाना है। कार्यकर्ताओं और आम जनता के सहयोग से कोरबा लोकसभा और केन्द्र में कांग्रेस की सरकार काबिज होगी तो देश का विकास होगा। आज देशभर में लोगों को जाति-धर्म के नाम पर बांटा जा रहा है, विकास के नाम पर विनाश की ओर भाजपा की सरकार शहर से लेकर गांव तक को ले जा रही है। उद्योगों के कारण किसानों के लिए खेतिहर जमीन तक नहीं बच रही और लोग बेघर हो रहे हैं। युवाओं के सामने बेरोजगारी की समस्या है तो महिलाओं को मात्र 1 हजार रुपए देकर उनके कीमती वोट को खरीदने के लिए भाजपा ने लालीपॉप थमाया है। सांसद ने कहा कि अपना कीमती वोट सही नेतृत्व चुनने के लिए दें और कांग्रेस का हाथ मजबूत करें। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार बनने पर हम 5 गारंटी देने का वादा करते हैं जिनमें सबसे प्रमुख प्रत्येक गरीब परिवार की महिला को 8333 रुपए हर महिने और साल में 1 लाख रुपए दिए जाएंगे। युवाओं के लिए रोजगार के अवसर निर्मित होंगे, उन्हें उद्योगों से जोड़ा जाएगा। किसानों की भी हम गारंटी लेंगे जिससे उनका जीवन स्तर ऊपर उठेगा। जनसंपर्क के दौरान जहां ग्रामवासियों के द्वारा सांसद का स्वागत किया गया वहीं सभी ने उन्हें भारी मतों से विजयी बनाने का भरोसा भी दिया। इस दौरान सांसद के साथ शशिलता पाण्डेय व कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## निर्वाचन आयोग ने कांकेर, महासमुंद और राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के लिए प्रेक्षक नियुक्त किए

रायपुर। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा कांकेर, महासमुंद और राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र में आम निर्वाचन के लिए सामान्य प्रेक्षक, पुलिस प्रेक्षक और व्यय प्रेक्षक की नियुक्ति की गई है। आयोग ने कांकेर लोकसभा क्षेत्र के लिए भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2005 बैच के अधिकारी डॉ. एम.टी. रेजु को सामान्य प्रेक्षक, भारतीय पुलिस सेवा के 2011 बैच के अधिकारी श्री एम. राकेश चंद्र कलासागर को पुलिस प्रेक्षक और भारतीय राजस्व सेवा (आयकर) के 2014 बैच के अधिकारी श्री संदीप मोंडल को व्यय प्रेक्षक नियुक्त किया है।

भारत निर्वाचन आयोग ने राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के लिए भारतीय प्रशासनिक सेवा के श्री शशि रंजन को सामान्य प्रेक्षक, भारतीय पुलिस सेवा के 2014 बैच के अधिकारी श्री योगेन्द्र कुमार को पुलिस प्रेक्षक तथा भारतीय प्रतिरक्षा लेखा सेवा (ढ्ढष्ठस्) के श्री प्रवीण रंजन को व्यय प्रेक्षक नियुक्त किया है। महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के लिए भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2004 बैच के अधिकारी डॉ. समित शर्मा को सामान्य प्रेक्षक एवं भारतीय पुलिस सेवा के 2011 बैच के अधिकारी श्री एम. राकेश चंद्र कलासागर को पुलिस प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। आयोग द्वारा महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत महासमुंद जिले के लिए भारतीय राजस्व सेवा के 2014 बैच के अधिकारी श्री मनीष कुमार डबास को तथा धमतरी और गरियाबंद जिले के लिए भारतीय राजस्व सेवा के 2016 बैच के अधिकारी श्री राम प्रभु उदय आर. को व्यय प्रेक्षक नियुक्त किया गया है।

## खनिज विभाग की कार्रवाई: 11 प्रकरण दर्ज, 3 लाख 34 हजार 160 रूपए जुर्माना वसूली

कोरबा, 04 अप्रैल (आरएनएस)। नदी-नालों और वन्य क्षेत्रों में सक्रिय गौण खनिज के तस्करों पर लगाम लगाने खनिज विभाग की उड़नदस्ता टीम लगातार अभियान चला रही है। इसी कड़ी में विभागीय अमले ने विभिन्न ग्रामीण इलाकों में ताबड़तोड़ कार्यवाही करते हुए केवल दो दिनों में 11 प्रकरण दर्ज किए हैं। इन कार्यवाहियों में रेत और पत्थर के तस्करों को न केवल अवैध उत्खनन-परिवहन करते रंगे हाथ पकड़ा गया, कुल 3 लाख 34 हजार 160 रूपए की जुर्माना राशि की वसूली भी की गई। इस तरह की जा रही कार्यवाही से तस्करों में हड़कंप मचा हुआ है। गौण खनिजों और खासकर रेत की रायल्टी की चोरी की रोकथाम के लिए खनिज विभाग की उड़नदस्ता टीम लगातार निरीक्षण कार्यवाही की जा रही है। इस दौरान ग्राम उरगा, कनकी, कुरूडीह, बरमपुर, इमलीडुग्गु भिलाईखुर्द, बालको जैसे स्थानों से 30 मार्च एवं एक अप्रैल को अवैध परिवहन के कुल 11 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। इसमें रेत के 6 प्रकरण दर्ज कर आरोपित राशि एक लाख 32 हजार 693 एवं पत्थर गिट्टी 5 प्रकरण में 2 लाख एक हजार 414 रूपए आरोपित किया गया। इस तरह कुल 3 लाख 34 हजार 160 रूपए की जुर्माना राशि खनिज आय मद में जमा कराई गई है। इन प्रकरणों में वाहनों को जप्त कर खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 यथा संशोधित छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 के नियम 71 (5) व छत्तीसगढ़ (खनन, परिवहन तथा भण्डारण) नियम 2009 तहत् कार्यवाही की जा रही है।रेत, मुरूम और पत्थर समेत गौण खनिजों के अवैध व अनियंत्रित उत्खनन से जहां प्रकृति और शासकीय राजस्व को नुकसान पहुंचता है, अनाधिकृत घाट बन जाने से वहां जानलेवा हादसे का भी डर बना रहता है। इसे ध्यान में रखते हुए कलेक्टर अजीत वसंत के आदेशानुसार गौण खनिज धारित क्षेत्रों से रेत के अवैध परिवहन, उत्खनन एवं भण्डारण में निरंतर कार्यवाही विभाग द्वारा खनिज नियमों के तहत की जा रही है। जिला के नगरीय निकाय व ग्रामीण क्षेत्रों पर खनिज अमलों की तैनाती कर यह कार्यवाही आगे भी नियमित तौर पर जारी रहेगी।

## देशी पिस्टल व जिंदा कारतूसों सहित पकड़े गए दो व्यक्ति

### हत्या के मामले में जमानत पर जेल से बाहर था एक आरोपी

कोरबा। कोरबा जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने बताया की गुंडागर्दी की घटनाओं को अत्यंत गंभीरता से लिया जा रहा है। अपराधियों, गुंडे, मवाली व हुड़दंगियों के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। कोरबा पुलिस जन सहयोग से सुरक्षा का बोध कराने अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही के लिए प्रतिबद्ध है। इसी कड़ी में नशे में धुत्त दो निगरानी बदमाश अपने मादक पदार्थो का सेवन कर नशे का शौक पूरा करने मदिरालय पहुंच गए, जिनके चर्चे पुलिस महकमें में काफी चर्चित रहे हैं। मादक पदार्थो का सेवन कर जमकर नशा किया और फिर हाथ में पिस्टल लिए नशे में धुत्त होकर यूं घूमने लगे, जैसे कोई जंग फतह की हो। एक इंटेल पर साइबर सेल व सिविल लाइन रामपुर ने ज्वाइंट एक्शन किया और घेराबंदी कर दोनों बदमाशों को धर-दबोचा। जब इनकी पृष्ठभूमि खंगाले गयी तो पता चला कि इनमें से एक के कारनामों की बड़ी लंबी फेहरिस्त है और वह हत्या के मामले में पहले ही बिलासपुर सेंट्रल जेल की हवा खाकर जमानत पर बाहर आया है। दूसरे कथित आरोपी की आदतें भी कुछ अलग नहीं हैं और दोनों की जोड़ी एक बार फिर उधम मचाने की फिराक में निकल पड़ी थी। यही वजह रही जो हाथ में देशी हथियार लिए वे खुलेआम डर फैलाते घूम रहे थे, पर इस बार उनके इरादों पर पानी फेरते हुए पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की। दोनों आरोपियों को आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा जा रहा है। इन दोनों के कब्जे से 1 नग लोहे का पिस्टलनुमा 7.65 एमएम का देशी हथियार और 4 नग जिंदा कारतूस भी मिले। आरोपियों के विरुद्ध इस कृत्य में सबूत पाए जाने पर धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा जा रहा है।

## जग्गी हत्याकांड के 28 अरोपियों की उम्रकैद की सजा बरकरार




रायपुर, 04 अप्रैल (आरएनएस)। प्रदेश की राजनीति की दशा और दिशा बदलने वाले एनसीपी नेता रामावतार जग्गी हत्याकांड में हाईकोर्ट का फैसला आ गया। हाईकोर्ट ने जग्गी हत्याकांड के आरोपियों की अपील खारिज करते हुए 28 आरोपियों की उम्र कैद की सजा बरकरार रखा है।

हाईकोर्ट चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस अरविंद वर्मा डिवीजन बेंच ने आजीवन कारावास की सजा को बरकरार रखा है। आजीवन कारावास की सजा पाने वालों में दो तत्कालीन सीएसपी और एक तत्कालीन थाना प्रभारी के अलावा अमन गोयल और शूटर चिमन सिंह समेत 28 आरोपियों की उम्र कैद की सजा बरकरार रखा हैं।

बता दें कि 4 जून 2003 को एनसीपी नेता की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में 31 अभियुक्त बनाए गए थे, जिनमें से दो बल्टू पाठक और सुरेंद्र सिंह सरकारी गवाह बन गए थे और एक अमित जोगी को छोड़कर बाकी 28 लोगों को सजा दी गई थी, जिसके बाद आरोपियों ने हाईकोर्ट में अपील दायर कर निचली अदालत के फैसले को चुनौती दी थी। हाईकोर्ट के दोषियों की अपील को खारिज किए जाने के बाद रामवतार जग्गी के बेटे सतीश जग्गी ने कहा कि मुझे न्यायपालिका पर भरोसा था। सभी अभियुक्तों को सजा सुनाई गई। हमारा परिवार शुरू से कहता रहा कि यह राजनतिक षड़यंत्र था।गौरतलब हैं कि रामावतार जग्गी एनसीपी के नेता थे। वह पूर्व दिवंगत केंद्रीय मंत्री विद्याचरण शुक्ल के बेहद करीबी नेता थे। उनकी हत्या मौदहापारा थाने के पास की गई थी। इस हत्याकांड में पूर्व दिवंगत सीएम अजीत जोगी के बेटे अमित जोगी को भी आरोपी बनाया गया था लेकिन उन्हें बाद में रिहा कर दिया गया था।

### मुझे जान का खतरा, सरकार से मांगी है सुरक्षा : सतीश जग्गी

रायपुर, 04 अप्रैल (आरएनएस)। कांग्रेस नेता और स्व. रामअवतार जग्गी के पुत्र सतीश जग्गी ने कहा, मुझे और मेरे परिवार को जान का खतरा है. मैंने सरकार से सुरक्षा मांगी है. क्योंकि मुझे कोर्ट के काम से लगातार बाहर आना-जाना करना पड़ता है. और मैं जिन लोगों के खिलाफकानूनी लड़ाई लड़ रहा हूं वो किस प्रभावशाली वर्ग के हैं यह सभी जानते हैं. सतीश जग्गी ने कहा, मेरे पिता की राजनीतिक हत्या हुई थी. और हत्या के पीछे गहरी साजिश रची गई थी. इस हत्या में बड़े राजनीतिक लोग सहित कई आपराधिक प्रवत्ति के लोग शामिल रहे हैं. 2003 से लगातार इस मामले की कानूनी लड़ाई परिवार के लोग लड़ रहे हैं। 21 सालों से जारी हमारी लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है. हाईकोर्ट ने हमारे पक्ष में फैसला दिया है. और इस मामले के जो नामजद 27 आरोपी है उनकी उम्रकैद की सजा बरकरार रखा है. जमानत में जो आरोपी अभी बाहर उन्हें वापस जेल जाना पड़ेगा. लेकिन इस मामले में आरोपी रहे अमित जोगी कोर्ट ने दोषमुक्त कर बरी कर दिया था. उनके खिलाफभी लड़ाई जारी है।

# प्रतिबंधित नशीली टेबलेट की अवैध ब्रिकी करते दो पकड़ाये

रायपुर, 04 अप्रैल (आरएनएस)। राजधानी की खमतराई थाना पुलिस तथा एंटी क्राईम एंड साईबर यूनिट ने अवैध रूप से नशीली टेबलेट का विक्रय कर रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है तथा उनके पास से 236 नग स्पास्मों टेबलेट तथा एक चाकू भी जब्त किया है।

बता दें कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह द्वारा नशे के विरूद्ध निजात अभियान के तहत रायपुर पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों थाना प्रभारियों को नशे का काला कारोबार करने वाले कारोबारियों की पतासाजी कर कार्यवाही करने एवं इस पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये है। जिस पर समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों थाना प्रभारियों की टीम द्वारा मुखबीर लगाकर पेट्रोलिंग व सूचना संकलन कर नशे का कारोबार करने वाले कारोबारियों के संबंध में सूचना एकत्रित की जा रही है। इसी तारतम्य में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट अंतर्गत गठित नार्कोटिक्स सेल की टीम को सूचना प्राप्त हुई की थाना खमतराई क्षेत्रांतर्गत रावांभाठा बंजारी नगर पास दोपहिया वाहन सवार दो




व्यक्ति अपने पास प्रतिबंधित नशीली टेबलेट रखे है तथा बिक्री की फिराक में ग्राहक की तलाश कर रहे है। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर लखन पटले, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक क्राईम संदीप मित्तल, नगर पुलिस अधीक्षक उरला मणीशंकर चंद्रा तथा उप पुलिस अधीक्षक क्राईम संजय सिंह द्वारा प्रभारी एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना खमतराई पुलिस की संयुक्त टीम को आरोपियों को प्रतिबंधित नशीली टेबलेट के साथ रंगे हाथ पकड़ने निर्देशित किया गया। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना खमतराई पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताये दोपहिया वाहन एवं हुलिये के व्यक्तियों को चिन्हांकित कर पतासाजी कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्तियों ने अपना नाम रिक्की उर्फविकास नायक तथा मोनू उर्फ रमेश देवदास निवासी खमतराई रायपुर का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा दोपहिया वाहन की चेकिंग करने पर वाहन में प्रतिबंधित नशीली टेबलेट स्पास्मों तथा चाकू रखा होना पाया गया। टीम के सदस्यो द्वारा प्रतिबंधित नशीली टेबलेट रखेन/बिक्री करने के संबंध में वैध दस्तावेजों की मांग करने पर उनके द्वारा किसी प्रकार का वैध दस्तावेज प्रस्तुत न करते हुए लगातार टीम के सदस्यों को गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा था। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा दोनो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 236 नग स्पास्मों प्रतिबंधित नशीली टेबलेट, 1 चाकू तथा घटना में प्रयुक्त 1 दोपहिया वाहन जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध थाना खमतराई में धारा 22 (ख) नारकोटिक एक्ट एवं 25 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया।

## मां की डांट से नाराज किशोरी ने फांसी लगाकर दी जान

जशपुर-रायपुर, 04 अप्रैल (आरएनएस)। जिले के पतराटोली में एक 16 वर्षीय किशोरी ने अधिक मोबाइल चलाने की बात पर मां की डांट से नाराज होकर अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। जिले में मोबाइल फोन को लेकर अब तक दर्जनों घटनाएं सामने आ चुकी है. ज्यादातर इसमें नाबालिग बच्चों को उनके कर्तव्यों का बोध कराना उनके माता-पिता के लिए चुनोती हो रही है. इन्ही बातों से नाराज होकर नाबालिग बच्चे गुस्से में आकर मौत को गले लगा लेते हैं. आज फिर जिले के कोतबा चौकी क्षेत्र के ग्राम पंचायत पतराटोली में एक 16



वर्षीय बालिका ने महज इतनी सी बात पढ़ाई करो मोबाइल फोन बाद में खेल लेना से नाराज होकर मौत को गले लगाना उचित समझा और फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतिका बालिका कोतबा हाईस्कूल में अध्ययनरत थी. पत्थलगांव स्र्ड्ढक्क धुर्वेश जायसवाल ने कहा कि कोतबा पुलिस थाना क्षेत्र में पतराटोली गांव में घटित इस घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची है और जांच में जुट गई है. शव का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक प्रेमेन्द्र अग्रवाल द्वारा अस्मा पब्लिशर्स इण्डिया प्राईवेट लि.,जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित कर तथा 5/756 रामसागरपारा, सिंधी स्कूल के पीछे, स्टेशनरी हाऊस, रायपुर 492001 (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक प्रेमेन्द्र अग्रवाल ।
www.lokshakti.in, lokshaktidaily@gmail.com, twitter.com/lokshaktidaily, facebook.com/lokshaktidaily कार्यकारी संपादक : राजेश अग्रवाल (किसी भी विवाद पर न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा)